कर्नाटक सरकार

# हिंदी सुमन

## प्रथम भाषा हिंदी

**Hindi First Language**

# 6

## छठी कक्षा

**Sixth Standard**

©KTBS Not to be republished

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560 085.

# PREFACE

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi prepared which in turn are designed based on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 11 languages, seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS and 5$^{th}$ to 10$^{th}$ there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF – 2005 has a number special features and they are:

- Connecting knowledge to life activities
- Learning to shift from rote methods
- Enriching the curriculum beyond textbooks
- Learning experiences for the construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- Caring concerns within the democratic policy of the country
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge

The new books are produced based on three fundamental approaches namely.

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach

The learner is encouraged to think, engage in activities, masters skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the total development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country India.

Language textbooks are designed to help learners master communicative competencies, excellent comprehension, meaningful expression and efficient reference skills.

English is studied by most students as the second language. Teachers have to keep in mind the three fundamental approaches based on which the readers have

©KTBS Not to be republished

been designed and adapt their teaching methods and help learners master language skills and competencies and help them become excellent users of English.

Schools in Karnataka offer seven languages as media of instruction and eight as first languages and ten languages are offered as third language. The objective is to help the learners to use these languages efficiently at the communicative level. It is hoped that at least a cross section of learners achieve competencies to use these languages at the creative level.

Teachers are expected to adapt their teaching methods not to make these textbooks just feed materials for examinations, but help learners master language competencies such as communication, comprehension, expression in writing and necessary reference skills.

There is going to be a source book for teachers in Kannada 1st language, English 2nd language and Hindi 3rd language. Please make use of these source books and make teaching very effective.

The Textbook Society expresses its gratitude to the chairpersons, writers scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board in helping the Text Book Society in producing these textbooks.

©KTBS Not to be republished

**Prof. G S Mudambadithaya**
Co-ordinator
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru.

**Nagendrakumar**
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru.

# प्रस्तावना

'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा - २००५' पर और उसके विभिन्न अनुशंसाओं पर बल देते हुए कर्नाटक सरकार के शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण निदेशालय ने राज्य की स्कूली शिक्षा की पाठचर्या में परिवर्तन एवं सुधार किया। उसी परिवर्तित तथा संशोधित पाठचर्या पर आधारित यह छठी कक्षा के लिए प्रथम भाषा हिंदी पाठ्य पुस्तक निर्मित की गयी है। 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' पर आधारित पाठचर्या की विशिष्टता यह है कि यह रचनात्मक है, समेकित है और सर्पिल है। इन तीन महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखकर ही, प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक की रचना की गयी है।

प्रस्तुत पुस्तक का निर्माण करते समय समिति के सदस्यों ने यह ध्यान रखा है कि पाठ्य सामग्री नयी पाठचर्या के परिप्रेक्ष्य में अद्यतन बन सके। इस पुस्तक में जिन विचारों एवं मानव मूल्यों पर अधिक बल दिया गया है, उनसे छात्रों में साहित्यिक रुचि के साथ देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता, सच्चाई, अनुशासन, श्रम का महत्व, नीतिपरकता, स्वास्थ्य, सामाजिक सहयोग, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति एवं इतिहास का ज्ञान प्राप्त हो सके।

इस पुस्तक में समाहित सामग्री रा.पा.रु. के उपरोक्त अनुबंध को फलदाई बनाने में सहायक सिद्ध होगी, पाठ्य पुस्तक निर्माण समिति का ऐसा विश्वास है। समिति यह भी आशा करती है कि इस पाठ्य पुस्तक की विषयवस्तु पाठचर्या की प्रत्याशाओं के साथ बहुत हद तक मेल खायेगी। इसमें छात्रों के मानसिक स्तर को ध्यान में रखकर पाठों का चयन एवं अभ्यासों को बनाया गया है ताकि छात्र आसानी से पाठों को समझ सके। अध्यापकों से निवेदन है कि 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जी तोड प्रयास करें। तब जाकर हमारा यह श्रम सार्थक होगा।

अध्यक्ष

पाठ्य पुस्तक रचना समिति

©KTBS
Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक रचना समिति

**ध्यक्ष :**

**डॉ. नामदेव. एम. गौड़ा,** सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय।

**सदस्य :**

**श्री एम.के. गुत्तल,** प्राचार्य, देविका संयुक्त पदवीपूर्व महाविद्यालय हाईस्कूल विभाग, राणेबेन्नूर, हावेरी जिला।

**श्री जगदीश .बी.के,** सहाशिक्षक, साबरमती स्कूल, सुगटूर।

**डॉ पी.वी. पद्मिनी,** सहशिक्षिका, सरकारी प्रौढ़शाला, नागम्मा प्रिमिसेस, नंजनगूडू।

**श्री शांतकुमार बिरादार,** अध्यापक, सरकारी पी.यू. कॉलेज, सिद्धि तालीमू।

**डॉ. पूर्णिमा नायक,** सहशिक्षिका, सरकारी संयुक्त हाईस्कूल, मुकुंद, चन्नपट्टण, जि।

**श्री मुरलीधर आचार .एन,** प्रवक्ता, चित्रकला सरकारी महिला डी.एड्. संस्था, बल्मठ।

**परिशीलक :**

**प्रो. नारायणराव,** (निवृत्त) बसवेश्वर नगर, बेंगलूरु।

**अध्यक्ष,** संपादक मंडल :

**प्रो. शशिधर एल.जी,** अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन एवं अनुसंधान विभाग, मानसगंगोत्री मैसुरु विश्वविद्यानिलय।

**प्रधान संयोजक :**

**श्री जि. एस्. मुडंबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु।

**सहायता एवं मार्गदर्शन :**

**श्री. नागेंद्रकुमार,** प्रबंध निदेशक ,कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

©KTBS Not to be republished

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು  ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ **(N.C.E.R.T)** ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು  ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ. ಆದ್ದರಿಂದ

©KTBS
Not to be republished

ಈಗಾಗಲೇ ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

**सर्वाध्यक्ष :**

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

**सहयोग :**

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-५६००८५

**श्रीमती. नागमणि सी,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**अध्यक्षः**

**डॉ. नामदेव. एम. गौडा,** विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-५७०००५

**सदस्य :**

**श्रीमती. सुमा. एस. के,** विषय परिवीक्षिका (हिंदी) बेंगलूरु विभाग आयुक्तालय बेंगलूरु-५६० ००१

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) ७३८/४, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - २४

**डॉ. एस. ए. मंजुनाथ,** सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पोंपै कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-५७४१४१

**डॉ. एस. विजि,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, बोंटीकोप्पल, मैसूरु-५७००२०

**श्री. जी. एम. मंजुनाथ,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-५६३१६१

**श्रीमती. वसंतकुमारी बाई,** सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमगलूरु जिला - ५७७१२६

**वासुदेवमूर्ति. एस,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, उद्बूरु, मैसूरु तालूक, मैसूरु जिला - ५७००२६.

**उन्नत परिशीलन समिति :**

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश बि. पवार,** अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकारः**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार कसलगेरे, मंड्या जिला.

**कार्यक्रम संयोजक :**

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं | शीर्षक | विधा | पृ.सं |
|---|---|---|---|
| १. | वर दे | कविता | १ |
| २. | बीरबल की चतुराई | नीतिपरक कहानी | ५ |
| ३. | प्रकृति और पर्यावरण | निबंध | १२ |
| ४. | मानिनी यशोधरा | कविता | २० |
| ५. | लाल अंगारों की मुस्कान | ऐतिहासिक कहानी | २५ |
| ६. | योगासन | लेख | ३६ |
| ७. | इसे जगाओ | कविता | ४३ |
| ८. | कृष्णदेवराय | जीवनी | ४७ |
| | अजब सूरत | पूरक वाचन | ५४ |
| ९. | हंस और कौआ | लोककथा | ५६ |
| १०. | सुख - दुःख | कविता | ६६ |
| ११. | भगत की गत | व्यंग्य कहानी | ७० |
| १२. | धरती स्वर्ग समान | कविता | ८२ |
| १३. | विजयपुरा की सैर | यात्रा-वृत्तांत | ८८ |
| १४ | परीक्षा | सामाजिक कहानी | ९६ |
| | शिष्टाचार | पूरक वाचन | १०७ |
| १५. | सूरदास के पद | प्राचीन कविता | १०९ |
| १६. | लोकमान्य बालगंगाधर तिलक | व्यक्ति चित्रण | ११४ |
| १७. | पन्नाधाय का त्याग | एकांकी | १२० |
| | रचना | | १३२ |


©KTBS Not to be republished

पाठ-१

# वर दे

- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**आशय : माँ शारदा से कवि की विनती है कि वह ऐसा वर दे कि सम्पूर्ण भारत वर्ष से अज्ञान रूपी अंधकार दूर हो जाए । सर्वत्र सुख शांति की प्रेममयी धारा प्रवाहित हो। चारों ओर नवीन सुंदर कल्पनाएँ हों, नवीन चेतनाएँ हों, सारा भारत देश आनन्दमय हो।**

वर दे, वीणा वादिनी वरदे !
प्रिय स्वतंत्र-रव अमृत मंत्र नव
भारत में भर दे !
काट अंध-उर के बंधन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर ;
कलुष-भेद तम-हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे !

नव गति, नव लय, ताल-छंद नव,
नवल कंठ, नव जलद-मंद्ररव,
नव नभ के नव विहग-वृंद को
नव पर नव स्वर दे !
वरदे, वीणा वादिनी वर दे

*****

©KTBS Not to be republished

## कवि परिचय



कविवर निराला जी का जन्म बंगाल के महिषादल में २१ फरवरी सन्१८९६ में हुआ। बचपन में इनका नाम सूर्यकुमार था। महिषादल के राजघराने में रहकर इन्होंने अंग्रेजी, बंगला, संस्कृत आदि भाषाओं को सीखने के साथ-साथ संगीत और कुश्ती का भी अभ्यास किया। ये स्वतंत्र प्रकृति के थे। निराला जी दार्शनिक और कवि दोनों ही थे।

ये हिंदी के एकमात्र ऐसे कवि रहे जो अपने काव्य-शिल्प को निरंतर विकसित करते रहे । छंदमुक्ति द्वारा इन्होंने भाषा और कविता को भी मुक्त किया। इनके द्वारा कविता में संगीत और लय के नूतन प्रयोग हुए हैं। इनकी प्रसिद्ध कृतियों में परिमल, अनामिका, अणिमा, गीतिका, सरोजस्मृति आदि काव्यसंग्रह हैं। अलका, निरुपमा, प्रभावती आदि प्रसिद्ध उपन्यास हैं। इनके अतिरिक्त, कहानी, रेखाचित्र के क्षेत्र में भी इनका योगदान अमूल्य रहा है।

**शब्दार्थ :**

वरदे-वर देनेवाली, सरस्वती, शारदा; रव-कोलाहल, नाद; नव-नवीन, उर-हृदय, तम-हर-अंधकार मिटाना, नभ-आकाश, विहग वृँद-पक्षी समूह, नव पर-नवीन पंख, मंद्र-गंभीर, मधुर; कलुष-मैल, पाप, विकार; जलद-बादल, बंधन स्तर-हर प्रकार के बंधन।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न :**

१) कवि ने भारत में क्या भरने को कहा है ?

२) कवि ने किस देवी की स्तुति की है ?

३) 'स्वतंत्र-रव' से क्या तात्पर्य है ?

**II. प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

१) भारतवर्ष को प्रकाशमान करने के लिए कवि ने किस देवी की आराधना की है ?

२) पक्षी संकुल के लिए कवि की प्रार्थना क्या है ?

३) कवि ने देवी से क्या वर माँगा है ?

**III. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१) जलद - ____________

२) विहग - ____________

३) नवल - ____________

४) उर - ____________

५) प्रकाश - ____________

६) पर - ____________

**IV. भाव स्पष्ट कीजिए :**

१) कलुष-भेद तम-हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे !

२) नव नभ के नव विहग-वृंद को
नव पर नव स्वर दे!

©KTBS Not to be republished

**V. 'वरदे' और 'वर दे' - कविता में इन दोनों शब्दों का प्रयोग हुआ है। इन दोनों का अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट कीजिए:**

वरदे : ___________

वर दे : ___________

**VI. एक स्वर मात्रा चिह्न बदलने से अर्थ बदल जाता है। जैसे:**

**वर - वार**

१. शारदा देवी वर देती है।

२. सैनिक वार करते हैं।

**अब आप इन शब्दों का अर्थ समझकर वाक्य बनाइए :**

१. नव - नाव

२. भर - भार

३. हर - हार

४. जग - जाग

**योग्यता विस्तार:** 'निराला' जी की कृतियों की सूची बनाइए।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ - २

# बीरबल की चतुराई

- संकलित

**आशय : बीरबल अपनी बुद्धिमत्ता के लिए प्रसिद्ध है। इस कहानी में बीरबल की चतुराई बतायी गयी है।**


बीरबल, अकबर बादशाह के दरबार में रहता था। वह हाज़िर-जवाब था। उसकी होशियारी के कारण बादशाह उसे बहुत चाहते थे और उसका आदर भी करते थे।

बादशाह रोज़ शाम को राजमहल के बगीचे में टहला करते थे। बीरबल भी उनके साथ जाया करता था। एक दिन दोनों टहलते-टहलते एक छोटे तालाब के पास पहुँचे। बादशाह अपने हाथ-पैर धोने पानी में उतरे। जाड़े के दिन थे। पानी बरफ के समान ठंडा था। बादशाह ने झट से बाहर आते हुए कहा- ''बीरबल ! क्या कोई इस पानी में नहा सकता है?'' बीरबल ने तुरंत उत्तर दिया ''नहाने की बात छोड़ दीजिए। पैसा मिलने पर रात-भर इस पानी में खड़ा भी रह सकता है।'' बादशाह को उसकी बातों पर विश्वास नहीं हुआ। उन्होंने कहा - ''यह असंभव है। अगर कोई इसे कर दिखाये, तो मैं उसे पाँच हज़ार रुपये इनाम में दूँगा।''



©KTBS Not to be republished

दूसरे दिन सबेरे बीरबल ऐसे व्यक्ति की खोज में निकला जो उसकी बातों को सच साबित कर सकता है। संयोगवश उसने एक देहाती लकड़हारे को देखा जो अपने सिर पर लकड़ियों का भारी गट्ठा ले जा रहा था। उसका शरीर हट्टा-कट्टा था। वह रात-भर लकड़ी काटकर सबेरे उसे बेचता था। बीरबल ने उससे पूछा- ''क्या तुमको सर्दी नहीं लगती ?'' लकड़हारे ने कहा- ''मैं बाल-बच्चोंवाला हूँ। सर्दी-गरमी की परवाह करूँ तो रोटी कैसे कमाऊँगा ?'' बीरबल ने उसे सारी बातें समझायी तो उसने बादशाह की शर्त सहर्ष स्वीकार कर ली।



शाम को छः बजे अकबर सभी दरबारियों के साथ तालाब के पास पहुँचे। वह देहाती भी वहाँ बीरबल के साथ पहुँचा। बादशाह ने कहा- ''सुनो, अब से सबेरे छः बजे तक इस तालाब में गरदन तक पानी में खड़े रहना । एक पल के लिए भी बाहर नहीं निकलना, समझा ? तुमको खाना या पानी भी रात-भर नहीं मिलेगा। बोलो, ये शर्तें मंजूर हैं?'' देहाती ने कहा ''हुजूर, सब शर्तें मंजूर हैं।'' उसी वक्त वह गरदन तक के पानी में जाकर खड़ा हो गया। बादशाह ने दो नौकरों को उस देहाती की रखवाली करने के लिए नियुक्त किया।

©KTBS Not to be republished

दूसरे दिन सबेरे वह देहाती दोनों नौकरों के साथ बादशाह के पास आया। बादशाह को बड़ा ताज्जुब हुआ।

उन्होंने पूछा-''तुमको ज़रा भी सर्दी महसूस नहीं हुई?'' देहाती ने कहा - ''हुजूर ! तालाब के किनारे पर जो दीप जल रहा था, उसीको देखता हुआ मैं खड़ा रहा। मुझे बिलकुल सर्दी नहीं महसूस हुई।'' अकबर ने कहा - ''मालूम होता है, उस दीप की गर्मी ने सर्दी को दूर कर दिया। इसलिए तुमको इनाम नहीं मिलेगा।'' देहाती मन मसोसकर चुपचाप बीरबल के पास चला गया और उसने बीरबल से सारी बातें बतायीं। बीरबल ने कहा - ''कल शाम तक तुमको इनाम दिला दूँगा।''



©KTBS Not to be republished

दूसरे दिन ग्यारह बज गये। बीरबल अब तक दरबार में नहीं आया। उस दिन बादशाह बीरबल को साथ लेकर कहीं जानेवाले थे। इसलिए बादशाह खुद बीरबल के घर गये। बीरबल रसोई घर में खाना पका रहा था। नीचे एक चूल्हा जल रहा था। पाँच फुट ऊँचे सींक पर एक हाँड़ी रखी थी। उसमें पानी और चावल थे। बादशाह को देखते ही बीरबल बोला - "हुजूर ! माफ़ कीजिए। देर हो गयी। पर क्या करूँ? यह चावल जल्दी नहीं पकता।" बादशाह ने नज़दीक जाकर देखा, तो उन्हें खूब हँसी आयी। उन्होंने कहा - "बीरबल ! तुम कब से इतने बेवकूफ बन गये? चूल्हे का ताप पाँच फुट दूर की हाँडी को कैसे गरम करेगा और चावल कैसे पकेगा?"

बीरबल मुस्कुराते हुए बोला- "जहाँपनाह ! आपके बगीचे का दीप दस फुट की दूरी तक अपनी गरमी से सर्दी को दूर कर देता है, पर मेरे घर का चूल्हा पाँच फुट तक अपना ताप बढ़ाकर चावल नहीं पका सकेगा ?"

अकबर को बात समझने में देर नहीं लगी कि बीरबल ने क्यों यह नाटक रचा है। उन्होंने तुरंत देहाती को पाँच हज़ार रुपये इनाम में देने का हुकुम दिया और बीरबल की खूब तारीफ़ की।

*****

**शब्दार्थ:**

हाज़िर-जवाब-झट से उत्तर देनेवाला, संयोगवश-अचानक, देहाती-गाँव का निवासी, ताज्जुब-आश्चर्य, महसूस-अनुभव करना, बेवकूफ-मूर्ख, मन मसोसना-निराश होना।

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

## I. मौखिक प्रश्न :

१. अकबर बादशाह बीरबल को क्यों चाहते थे?

२. एक दिन शाम को बादशाह और बीरबल टहलते-टहलते कहाँ पहुँचे?

३. बादशाह ने कितने रुपयों का इनाम घोषित किया ?

४. लोग मुश्किल से मुश्किल काम भी क्यों करते हैं?

## II. इन प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

१. लकड़हारे ने बादशाह की शर्त सहर्ष क्यों स्वीकार की ?

२. अकबर ने लकड़हारे को इनाम देने से क्यों इनकार किया ?

३. बादशाह अकबर ने बीरबल को क्यों बेवकूफ़ कहा ?

४. बादशाह को कौन-सी बात समझने में देर नहीं लगी ?

५. बादशाह ने कौन-सा हुकुम दिया ?

## III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

१. बादशाह अकबर ने तालाब के पानी में रात भर खड़े रहनेवाले को ............. इनाम देने का वचन दिया।

२. लकड़हारा ............. था, इसलिए पैसे के लिए रात भर पानी में खड़े रहने की शर्त स्वीकार कर ली।

३. चूल्हे से पाँच फुट ऊपर हाँड़ी रखकर चावल पकाते देखकर अकबर ने बीरबल को ............. समझा।

©KTBS Not to be republished

४. अकबर को उनकी भूल समझाने के लिए बीरबल ने ............ रचा।

५. बादशाह ने बीरबल की खूब ............ की।

**IV. पाठ में निहित विलोम शब्दों को ढूँढकर लिखिए :**

१. कम X ____________

२. अनादर X ____________

३. सुबह X ____________

४. गरम X ____________

५. अविश्वास X ____________

६. संभव X ____________

७. दुबला-पतला X ____________

८. अकलमंद X ____________

**V. नमूने के अनुसार लिखिए:**

१. **देहात - देहाती**

२. गुजरात - ____________

३. मणिपुर - ____________

४. रूस - ____________

५. अमरीका - ____________

६. नेपाल - ____________

७. पंजाब - ____________

©KTBS Not to be republished

## VI. नमूने के अनुसार लिखिए:

| | | |
|---|---|---|
| **कर्नाटक** | **-** | **कर्नाटकवाला** |
| १. तमिलनाडु | - | ______________ |
| २. केरल | - | ______________ |
| ३. गोवा | - | ______________ |
| ४. जम्मू | - | ______________ |

## योग्यता विस्तार:

बीरबल की हाज़िर-जवाबी की एक अन्य कहानी पढ़कर कक्षा में सुनाइए।

*****

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ३

# प्रकृति और पर्यावरण

-संकलित

**आशय : प्रकृति हमारी माँ के समान है। इसको संतुलित रखना हमारा कर्तव्य है। अपने पर्यावरण को कलुषित होने से बचाना मानव-धर्म है। इस निबंध द्‌वारा प्रकृति और पर्यावरण की महत्ता की जानकारी दी जा रही है।**


प्रकृति हमारी माँ है, धात्री है। हमारे देश में प्रकृति की पूजा होती है। पेड़-पौधे, जीव-जंतु, सागर, नदी-नाले, झरने, पहाड़ आदि से प्रकृति अत्यंत रमणीय व मनमोहक बन पड़ी है। इसके सौंदर्य से मुग्ध होकर अनेक कवियों-लेखकों ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। प्रकृति सभी जीव-जंतुओं को मोह लेती है । वह हमारे जीवन को भी सुखी व आनंदमय बना देती है।

धरती पर उगे पेड़-पौधे हमारी वन-संपदा है। इनसे हमें शुद्ध हवा एवं पौष्टिक खाद्यांश मिलता है। इनकी हरियाली वर्षा को आकर्षित करके जल वृष्टि करती है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुद्ध हवा, पौष्टिक आहार तथा निर्मल जल की आवश्यकता है। कुएँ, तालाब, नदियाँ, समुद्र आदि जल-मूल हैं। इनमें अनेक जलचर होते हैं। कुछ नदियों के जल से बिजली तैयार करते हैं। समुद्रों में बहुमूल्य मोती पाये जाते हैं। मछलियाँ, जलचर, सीप तथा मोती सागर की संपत्ति हैं। सागर देश-विदेशों के बीच व्यापार संबंध जोड़ने में संपर्क माध्यम बनते हैं। यह वर्षा का मूल स्रोत भी है।

©KTBS Not to be republished

हमारे जीवन में गाय, बैल, भैंस, बकरी, कुत्ता, बिल्ली आदि जानवरों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। बैल किसान के साथी हैं। गाय हमें मीठा दूध देती है। पशु-पक्षी हमें कीटों से बचाते हैं। इस तरह पेड़-पौधे, जानवर, पशु-पक्षियों के अलावा धरती और सूर्य का भी हमारे जीवन में प्रमुख स्थान है। सूरज सारे संसार को प्रकाश देता है। सौर शक्ति एक महान शक्ति है। सूर्य के बिना किसी भी जीव-जंतु व पेड़-पौधे का अस्तित्व ही नहीं है। धरती हमें आश्रय देती है। हम इसी धरती पर जन्म लेते हैं और इसी पर बसते हैं। इसी भू-गर्भ से हमें खनिज-संपत्ति व तेल आदि चीजें मिलती हैं।

बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकताएँ तथा ज्यादा सुख-भोग व लाभ की लालसा से वृक्षों तथा वनों को काटा जा रहा है। इससे प्रकृति का विनाश हो रहा है। फलस्वरूप प्राणवायु की कमी होने से अनेक प्रकार के रोग जन्म ले रहे हैं। इस कारण हज़ारों लाखों लोगों की अकाल मुत्यु हो रही है। सैकडों परिवार बेसहारा हो रहे हैं। बढ़ते हुए कल-कारखाने, वाहन इत्यादि के विषधूम व विषैली गैसों के रिसाव-बहाव तथा बारूदी विस्फोटों के कारण तापक्रम में परिवर्तन आ रहा है। इससे भूमि का संतुलन बिगड़ रहा है। पादपों एवं जीव जगत् में बहुत सी जातियाँ लुप्त हो रही हैं।



भौतिक विज्ञान तथा न्यूक्लियर अस्त्रों का उत्पादन व प्रयोगों से प्रकृति को बहुत हानि पहुँच रही है। इससे प्रकृति का संतुलन ही डगमगा रहा है। इस तरह प्रकृति की हानि से आवृत प्रदेश और वायुमंडल अर्थात् पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है। प्रकृति और पर्यावरण सिक्के के दो पहलू के समान हैं। इन दोनों में संतुलन होना चाहिए। प्रकृति की रक्षा से पर्यावरण की रक्षा

©KTBS Not to be republished

तथा पर्यावरण की रक्षा से प्रकृति की रक्षा होती है। अतः पर्यावरण को कलुषित होने से बचाना मानव धर्म है ।

पर्यावरण प्रदूषण के तीन प्रकार हैं- १. जल प्रदूषण २. वायु प्रदूषण तथा ३. ध्वनि प्रदूषण। कुएँ, तालाब, नदी-नाले, नहरें, समुद्र आदि के जल की मलिनता से जल प्रदूषण हो जाता है। इनमें या इनके पास नहाने-धोने, कूड़ा-करकट फेंकने, जली-कटी लाशों या अंगों को पानी में डालने जैसे बुरे कामों से जल-मूल मलिन हो रहा है। साथ ही कल-कारखानों का अशुद्ध व विषैला पानी नदियों में मिलता है। वही पानी समुद्रों में मिलने से वह विषैला बन जाता है। इससे जलचर मर जाते हैं।

जलप्रदूषण का बुरा प्रभाव वायु पर भी पड़ता है। प्रदूषित जल से निकलने वाली दुर्गंध, वायु को भी मलिन व विषैली कर देती है। विविध प्रकार के कारखानों, मिलों, फैक्ट्रियों, वाहनों, यंत्र चालित साधनों आदि के विषधूम से बचने के लिए इनके उपयोग के समय सावधानी बरतनी चाहिए। वायु प्रदूषण से ख़तरनाक बीमारियाँ फैलती हैं। इसलिए वायु को प्रदूषित होने से बचाना हमारा मुख्य कर्तव्य है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे उगाने चाहिए।

ध्वनि प्रदूषण से भी स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। अस्पतालों के अहातों में 'भोंपू मत बजाओ' के फलक (बोर्ड) लगे रहते हैं। भोंपू या ध्वनिवर्धकों की तीव्र-ध्वनि से हृदय-रोगियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इनकी ध्वनि धीमी होनी चाहिए वरना आदमी के दैनिक जीवन में परेशानी होती है। जल, वायु तथा ध्वनि प्रदूषण के लिए मानव खुद जिम्मेदार है। अतः प्रदूषण को रोकने के लिए बढ़ती हुई जनसंख्या की गति को कम करना चाहिए। औद्योगिक नीति भी ऐसी होनी चाहिए कि पर्यावरण को आघात न पहुँचे।

*****

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

भूरि-भूरि-बहुत, अधिक; संपदा-संपत्ति, वृष्टि-वर्षा, मूल - उद्‌गम स्थान जलचर-पानी में रहनेवाले जीव, सौर शक्ति-सूरज से उत्पन्न ऊर्जा, अकाल-दुर्भिक्षा, विषधूम-विषैला धुआँ, रिसाव-छन-छन कर धीरे-धीरे बहना, ताप क्रम-गरमी का उतार-चढ़ाव, लुप्त-समाप्त, संतुलन-बराबर रखने की क्रिया (बैलंस), आवृत-घिरा हुआ, कलुषित-गंदगी से भरपूर, प्रदूषित; अहाता-क्षेत्र, घेरा; असर-प्रभाव, भोंपू-Horn।

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न :**

१) हमारे देश में किसकी पूजा होती है ?

२) हरियाली किसे आकर्षित करती है ?

३) हम किसे महान शक्ति मानते हैं ?

४) प्रकृति और पर्यावरण किसके समान हैं ?

५) हमें क्या उगाना चाहिए ?

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. प्रकृति के भंडार में क्या-क्या हैं?

२. हमारी वन-संपत्ति क्या है?

३. अच्छे स्वास्थ्य के लिए किन-किन बातों की आवश्यकता है?

४. जल-मूल कौन-कौन से हैं?

५. जीवन में किन-किन जीवियों का महत्वपूर्ण स्थान है?

६. वनों तथा वृक्षों को क्यों काटा जा रहा है?

७. प्रदूषण के लिए कौन जिम्मेदार है?

©KTBS Not to be republished

**III. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

१. मानव-जीवन में प्रकृति का क्या स्थान है ?

२. जल-मूल से हमें क्या-क्या प्राप्त होता है ?

३. जीवन में सूरज को प्रमुख स्थान क्यों दिया जाता है ?

४. पर्यावरण-प्रदूषण से कौन-कौन-सी समस्याएँ पैदा हो रहीं हैं?

५. किन बातों से जल प्रदूषण हो रहा है ?

६. किन बातों से वायु प्रदूषण होता है और उससे बचने के लिए क्या करना चाहिए ?

७. ध्वनि प्रदूषण का स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है ?

**IV. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

भूरि-भूरि, सौर शक्ति, लालसा, रिसाव-बहाव, खतरनाक, उगाना

**V. खाली जगह भरिए :**

१. सूरज सारे संसार को .......... देता है।

२. सैकडों परिवार .......... हो रहे हैं।

३. प्रकृति का .......... ही डगमगा रहा है।

४. पर्यावरण की रक्षा से .......... की रक्षा होती है।

५. पादपों की बहुत सी जातियाँ .......... हो रही हैं।

**VI. अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :**

१. नदियों जल के कुछ से करते तैयार हैं बिजली।

२. संसार सारे को प्रकाश सूरज है देता।

©KTBS Not to be republished

३. फैलती से खतरनाक वायु प्रदूषण बीमारियाँ हैं।

४. पेड़-पौधे उगाने ज्यादा से ज्यादा चाहिए।

**VII. सही शब्द चुनकर लिखिए :**

१. प्रकृति सभी जीव-जन्तुओं को..........लेती है।

(इनकार, बुला, मोह)

२. बैल किसान के .......... हैं।

(दुश्मन, भाई, साथी)

३. बढ़ती हुई जनसंख्या की गति को .......... करना चाहिए।

(कम, अधिक, विस्तार)

४. धरती हमें .......... देती है।

(आश्रय, ठुकरा, दग़ा)

५. पर्यावरण की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे.....चाहिए।

(उखाड़ने, काटने, उगाने)

**VIII. नमूने के अनुसार लिखिए :**

**जन + संख्या = जनसंख्या, रस + आस्वादन = रसास्वादन**

१. खाद्य + अंश =

२. विद्या + आलय =

©KTBS Not to be republished

३. जल + आशय =

४. सह + अनुभूति =

**पढ़िए और समझिए :**

१) प्रकृति सभी जीव-जंतुओं को मोह लेती है।

२) कुछ नदियों के जल से बिजली तैयार करते हैं।

३) मछलियाँ, जलचर, सीप तथा मोती सागर की संपत्ति हैं।

४) कल-कारखानों का अशुद्ध व विषैला पानी नदियों में जा मिलता है।

**योग्यता विस्तार:**

'पर्यावरण संरक्षण में छात्रों का योगदान'-विषय पर एक छोटा-सा निबंध लिखिए।

©KTBS Not to be republished

## भाषा-बोध

## विशेषण

**परिभाषा-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाता है, उसे विशेषण कहते हैं। जिस शब्द की विशेषता बतायी जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं।

**उदा.** - अच्छा, बहुत, मीठा, प्रथम, दो आदि।

हिन्दी में विशेषण के चार भेद बताए गए हैं-

१) **गुणवाचक विशेषण -** जो शब्द संज्ञा (किसी व्यक्ति या वस्तु) के गुण का बोध कराता है, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

**उदा.** - ईमानदार, छोटा, काला, अच्छा, बुरा आदि।

२) **संख्यावाचक विशेषण** - विशेष्य की संख्या से संबंधित विशेषता बतानेवाले शब्द संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं।

**उदा.** - दो, पाँच, पाँचवीं, प्रथम, हज़ारों आदि।

३) **परिमाणवाचक विशेषण** - जो विशेषण अपने विशेष्य की मात्रा या परिमाण के विषय में जानकारी देता है, उसे परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

**उदा.** - बहुत, ज्यादा, इतना, उतना आदि।

४) **निर्देशक या सार्वनामिक विशेषण** - जो सर्वनाम संज्ञा शब्दों से पहले प्रयुक्त होकर विशेषण का काम करते हैं, उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

**उदा.** - ऐसी, वैसी, यह, वह आदि।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ-४

# मानिनी यशोधरा

-मैथिलीशरण गुप्त

**आशय : यशोधरा सिद्धार्थ की पत्नी थी। सिद्धार्थ घर-बार त्यागकर जाते समय अपनी पत्नी को किसी प्रकार की सूचना दिए बिना चले गये। तपस्या में सफल होकर जब लौटते हैं, तब मानिनी यशोधरा के मन में यह दुविधा उत्पन्न होती है कि अब उनके स्वागत के लिए जाए या न जाए? क्योंकि एक भारतीय नारी के नाते उसे यह अधिकार नहीं है। अपने मन से कहती है कि अब तेरी परीक्षा है।**

Not to be republished ©KTBS

रे मन, आज परीक्षा तेरी।
विनती करती हूँ मैं तुझसे, बात न बिगड़े मेरी।

अब तक जो तेरा निग्रह था,
बस अभाव के कारण वह था।
लोभ न था, जब लाभ न यह था;

सुन अब स्वागत-भेरी।
रे मन, आज परीक्षा तेरी।।



दो पग आगे ही यह धन है,
अवलंबित जिस पर जीवन है।
पर क्या पथ पाता यह जन है?

मैं हूँ और अँधेरी
रे मन, आज परीक्षा तेरी।।

यदि वे चल आए हैं इतना,
तो दो पद उनको है कितना?
क्या भारी वह, मुझको जितना?

पीठ उन्होंने फेरी।
रे मन, आज परीक्षा तेरी।।

सब अपना सौभाग्य मनाएँ,
दरस-परस, निःश्रेयस पाएँ।
उद्धारक चाहें तो आएँ,

यहीं रहे यह चेरी।
रे मन, आज परीक्षा तेरी।।

*****

**कवि परिचय:**



मैथिलीशरण गुप्त का जन्म सन् १८८६ को झाँसी के चिरगाँव में हुआ था। आप द्विवेदी युग के प्रमुख कवि, भारतीय संस्कृति के व्याख्याता और राष्ट्रकवि हैं। भारत सरकार ने आपको पद्मभूषण उपाधि से विभूषित किया। 'साकेत' काव्य पर आपको मंगलाप्रसाद पुरस्कार प्राप्त हुआ। आपने पौराणिक पात्रों को आधुनिक संदर्भों के साथ प्रस्तुत किया

©KTBS Not to be republished

है। उपेक्षित नारी के प्रति आपका दृष्टिकोण विशेषतः उदार, सहिष्णु और सहानुभूतिपरक रहा है। नारी की व्यथा को वाणी देते हुए आपने उनके व्यक्तित्व की गौरव-रक्षा की है। सन् १९६४ को गुप्त जी का देहांत हुआ। इनकी प्रमुख कृतियाँ है भारत-भारती, साकेत, यशोधरा, पंचवटी, जयद्रथ-वध, द्‌वापर, सिद्‌धराज, रंग में भंग आदि।

**शब्दार्थ:**

बिगड़े-बिगड़ना, निग्रह-रोक, दमन; लोभ-लालच, लाभ-फायदा, पग-कदम, अवलंबित-आश्रित, पथ-रास्ता, मार्ग; अँधेरी-अंधकार सौभाग्य-सुदैव, दरस-दर्शन देखना; परस-स्पर्श करना, निःश्रेयस-मोक्ष, मुक्ति; उद्‌धारक-कल्याण करनेवाला, चेरी-दासी, नौकरानी।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न:**

१) यशोधरा अपने मन से क्या विनती करती है?

२) यशोधरा अंत में क्या निश्चय करती है?

**II. प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए:**

१) मानिनी यशोधरा 'रे मन, आज परीक्षा तेरी' क्यों कहती है?

२) मानिनी यशोधरा अपने मन से क्या बिनती करती है और क्यों?

३) यशोधरा गौतम बुद्ध के स्वागत के लिए क्यों जाना नहीं चाहती?

**III. पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए:**

सब अपना सौभाग्य मनाएँ,
दरस-परस, निःश्रेयस पाएँ।
उद्धारक चाहें तो आएँ,
यहीं रहे यह चेरी।
रे मन, आज परीक्षा तेरी।।

**IV. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

१) लोभ न था, जब .......... न यह था; सुन अब स्वागत भेरी।

२) दो पग आगे ही यह .......... है, अवलंबित जिस पर जीवन है।

३) यदि वे चल आए हैं इतना, तो दो .......... उनको है कितना ?

४) सब अपना सौभाग्य मनाएँ, दरस-परस, ..........पाएँ।

**V. तुकांत शब्दों की सूची बनाइए:**

१. तेरी - ...........

२. भेरी - ...........

३. धन - ...........

४. इतना - ...........

५. मनाएँ - ...........

६. चेरी - ...........

©KTBS Not to be republished

## VI. कविता से सही अक्षर ढूँढकर शब्द बनाइए:

१. तेरी


२ .........

३. .........

४. .........

५. .........

६. .........




## VII. वाक्य में प्रयोग कीजिए:

१. परीक्षा २. अभाव ३. अवलंबित ४. सौभाग्य

## योग्यता विस्तार:

१. सिद्धार्थ की कथा संक्षेप में लिखिए।

२. मैथिलीशरण गुप्त जी की 'यशोधरा' से 'सखी, वे मुझसे कहकर जाते' काव्य भाग पढ़िए।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ-५

# लाल अंगारों की मुस्कान

-कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

**आशय : प्रस्तुत कहानी ऐतिहासिक है। रणथंभोर के राणा हमीर अपने शरणागत की रक्षा हेतु अलाउद्दीन खिलजी जैसे शक्तिशाली बादशाह से बैर मोल लेते हैं। वे अपना सर्वस्व युद्ध की बलिवेदी पर न्योछावर कर देते हैं। अपने जीवन की अंतिम साँस तक माहमशाह के प्राणों की रक्षा करते हैं। यह कहानी भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डालती है।**

©KTBS Not to be republished

"मैं आपकी शरण में आया हूँ, महाराज!" रणथंभोर के राणा हमीर अपने दरबार में बैठे अपना राज-काज देख रहे थे कि किसी ने पुकारा - " कोई आपकी शरण में आया है, महाराज!"



हमीर ने आँखें ऊपर कीं तो देखा कि एक बहादुर मुसलमान उनके सामने था। सिर उसका झुका हुआ और गला व्यथा से भर्राया हुआ।

"कौन हो तुम ?" हमीर ने पूछा।

"महाराज, मैं दुखिया हूँ, मेरे प्राण संकट में हैं, आपकी शरण में आया हूँ"।

आगंतुक की पूरी कहानी - ''मेरा नाम माहमशाह, काम सिपाहीगिरी, बादशाह अलाउद्दीन खिलजी का खादिम। एक मामूली बात पर बादशाह नाराज़ हो गए और मेरे लिए फाँसी का हुक्म दे दिया। वे घड़ियाँ नज़दीक थीं, जब फाँसी का फंदा दम घोट देता और मेरी लाश को चील और कुत्तों के लिए फेंक दिया जाता। मैं जेल से फरार हो गया और अब

अपने प्राणों की रक्षा के लिए आपकी शरण में हाजिर हूँ। मेरी रक्षा कीजिए, महाराज!"

हमीर ने गौर से माहमशाह को देखा। माहम बहुत घबराया हुआ था। "दिल्ली और रणथंभोर के बीच तो राजपूतों के कई राज्य हैं, तुम उनके पास क्यों नहीं गए, माहम?" हमीर ने गंभीरता से पूछा।

और भी दीन होकर माहम ने कहा, "महाराज, मैं सबके दरवाज़े गया। सबने मुझे सहानुभूति दी, पर कोई शरण न दे सका। मैं दिल्ली के बादशाह अलाउद्दीन खिलजी का भगोड़ा हूँ और मुझे शरण देकर कोई उन्हें नाराज़ नहीं करना चाहता।"

हमीर ने अपने सलाहकारों की ओर देखा और उन्हें अनुत्साहित पाया। उनकी राय थी, "महाराज, माहमशाह की तलवार आज आपकी शरण में है, पर कल तक वह हमारे खून की प्यासी थी। हम उसे अपनी छाया में लेकर दिल्ली के तख्त की लपलपाती क्रोधाग्नि को न्योता क्यों दें?"

"यह दिल्ली के तख्त की लपलपाती क्रोधाग्नि को न्योता देने की बात नहीं है, सरदारो यह कर्तव्य का प्रश्न है, आन का प्रश्न है। जब माहम इस द्वार से लौटेगा, तो स्वर्ग में हमारे पूर्वज क्या सोचेंगे? क्या उन्हें स्वर्ग के सुख-साज में काँटों की चुभन का अनुभव न होगा ?" हमीर ने आवेश में पूछा।

सरदारों ने कहा, "क्षमा करें महाराज। आपकी बात परम पवित्र है, पर कर्तव्य की भी एक सीमा है।"

"कर्तव्य की सीमा ?" कड़ककर हमीर ने पूछा, "कर्तव्य की सीमा है कर्तव्य पालन। कर्तव्य के पालन में सुख मिलेगा या दुःख, जय होगी या पराजय, यह दुकानदारी-वृत्ति राजपूतों को शोभा नहीं देती। माहम शरणार्थी है, शरणार्थी की रक्षा करना राजपूत का कर्तव्य है। यह कर्तव्य

©KTBS Not to be republished


हमें पूरा करना है, फिर इससे दिल्ली का बादशाह नाराज़ हो या दुनिया का बादशाह।"

सरदार-सामंत भी अब महाराज की भावधारा में बहकर, व्यवहार बुद्धि से दूर, भावना के क्षेत्र में पहुँच गए थे। उनके मुँह से निकला, "धन्य महाराज!"

हमीर ने कहा, "माहमशाह, रणथंभोर अब तुम्हारा घर है। आराम से यहाँ रहो और विश्वास रखो कि अब किसी की हिम्मत नहीं कि तुम्हारी तरफ तिरछी आँखों से देखे। कोई कष्ट हो तो हमें कहना, जाओ।"

कानों कान यह उड़ती ख़बर दिल्ली के बादशाह अलाउद्दीन खिलजी तक पहुँची तो वह तमतमा उठा, "हमीर की यह हिमाक़त कि मेरे चोर को आसरा दे।"

खिलजी ने हमीर को संदेश भेजा "क्या तुम नहीं जानते, हमीर ! जो तुमने माहम को अपनी छत दी ? खैर, मैं भूलों को माफ़ करना जानता हूँ। कोई बात नहीं। माहम को अपनी देखरेख में मेरे सुपुर्द करो और अपने कसूर की माफी माँगो।"



अलाउद्दीन खिलजी का यह संदेश हमीर के पास पहुँचा तो वह मुस्कुराया। उसने लिखा, "माहम को शरण दी है, कोई नौकर नहीं रखा। अपना सर्वस्व लुटाकर भी शरणागतों की रक्षा करना मेरी जाति का संस्कार है। सपने में भी उम्मीद न रखिए कि मैं आपके दरवाज़े लाऊँगा। अब जो मुनासिब समझें, कीजिये।"

जवाब क्या था, एक पलीता था, जिसने ख़िलजी के बारूद में आग लगा

©KTBS Not to be republished

दी। उसने कुछ दिन बाद ही अपनी फ़ौजों के साथ रणथंभोर का किला घेर लिया।

"लड़ाई-झगड़े से क्या फायदा, हमीर ! ला, माहम को मुझे सौंप दे।" ख़िलजी का यह आख़िरी संदेश था।

"लड़ाई से मैं नहीं डरता। जीवन की आख़िरी घड़ी तक माहम की रक्षा करूँगा।" हमीर का यह आख़िरी उत्तर था।

दूसरे दिन रणदुंदुभी बज उठी। ऊँची पहाड़ी पर बना रणथंभोर का किला और चारों ओर फैली शाही फ़ौजें। एक तरफ़ अपने बादशाह के लिए लड़ने वाली फ़ौजें तो दूसरी तरफ़ अपनी आन पर मर मिटने वाले सिपाही। एक तरफ़ भरपूर साधन, तो दूसरी तरफ़ भरपूर आन। लड़ाई क्या थी? यह बात की बाज़ी। यह बाज़ी जिसका निशाना एक आदमी के प्राण। इस एक प्राण के लिए हज़ारों आदमियों के प्राण, सरसों के दानों की तरह हथेली पर।

दोनों तरफ़ हज़ारों योद्धा काम आए। बादशाह की ताकत जितनी छीजती, दिल्ली उसे पूरा कर देती, पर हमीर की शक्ति धारा की जो लहर बह जाती, फिर न लौटती। हर टूटती तलवार सौ को निन्यानबे करती। हर गिरता सिपाही हज़ार को नौ सौ निन्यानबे। व्यय के रास्ते खुले हुए थे, आय के बंद ! कारूँ का खज़ाना और कुबेर का कोष भी यों कब तक टिक पाता !

हमीर उस दिन कुछ सोच रहे थे कि माहमशाह आकर खड़े हो गए। "कहिए, शाह साहब, क्या बात है?'' हमीर ने कहा।

माहमशाह को चुप देखकर हमीर ने पूरी गंभीरता से कहा, ''शाह साहब, यह लड़कों का खेल नहीं, युद्ध है। फिर क्या आप नहीं जानते कि मैं राजपूत हूँ। जो वचन दे चुका हूँ, उसे मरते दम तक निभाऊँगा। इस लड़ाई में आपकी बहादुरी का चमत्कार देखकर मैं बहुत खुश हूँ।

©KTBS Not to be republished

हार-जीत तो बहादुर की किस्मत के दो सितारे हैं। इनकी फिक्र न कीजिए।"

लड़ाई चलती रही। सामान और सिपाही घटते रहे। एक दिन भंडारी ने आकर खबर दी, "आज खाने का सामान खत्म है।"

रणथंभोर के किले में एक सभा हुई कि अब क्या हो ? माहमशाह ने बहुत खुशामद की, वह बहुत गिड़गिड़ाया कि उसे बादशाह को सौंपकर सुलह कर ली जाए, पर उसके प्रस्ताव का समर्थक वहाँ कोई न था। सच्चाई यह है कि हमीर और उनके साथियों के सामने यह प्रश्न ही न था कि हम कैसे बचें। उनकी विचार दिशा तो केवल यह थी कि हम कैसे लड़े? भावुकता का ऐसा ज्वार विश्व के इतिहास में शायद ही और कहीं आया हो।

फैसला हुआ कि कल किले का द्‌वार खोल दिया जाए और जमकर युद्‌ध हो। इस युद्‌ध का स्पष्ट अर्थ था, आत्माहुति, सर्वस्व समर्पण। स्त्रियों ने फैसला किया कि हम क़िले के द्‌वार खुलने से पहले जौहर करेंगी।



©KTBS Not to be republished

पौ फटी तो सब जागे। पुरुषों ने नित्य कर्म से निवृत्त हो सबसे पहले एक विशाल चिता सजाई। स्त्रियों ने पूजन किया, कीर्तन किया, अपने पतियों से मिलीं और वे चिता की ओर चल पड़ीं।

किले का द्वार खोल दिया गया। रणथंभोर के योद्धा रण में कूद पड़े। रण था यह, दिल्ली की फ़ौजों के लिए। रणथंभोरवालों के लिए तो यह आत्मदान का यज्ञ ही था। माहम और हमीर साथ-साथ आगे बढ़े और काल बनकर बरसे। दूसरे सिपाही भी खून की आख़िरी बूँद तक लड़े।

अलाउद्दीन ख़िलजी अपनी जयकार सुनता रणथंभोर के किले में घुसा तो वह उसकी आत्मा के चारों ओर गूँजती एक हँसी से हक्काबक्का हो गया। यह हँसी उस दहकती चिता के लाल अंगारों की थी, जो कह रही थी, ''मूर्ख अलाउद्दीन, तू रणथंभोर की ईंटों को ही जीत सका। उसकी इज्ज़त और उसकी वीरता सदा अजेय है।''

*****

**लेखक परिचय:**

श्री कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' का जन्म १९०६ ई. में हुआ। वे गाँधीवादी विचारधारा से प्रभावित ललित निबंधकार हैं। जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से दैनंदिन जीवन के महान सत्य को उन्होंने अपने साहित्य में सहजता से व्यक्त किया है। उनकी लेखन शैली की विविधता एवं प्रभाव के कारण उन्हें 'शैलियों का शैलीकार' कहा जाता है। उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं-जिंदगी मुस्कराई, बाजे पायलिया के घुँघरू, महके आँगन चहके द्वार, नई पीढ़ी : नए विचार (निबंध संग्रह), दीप जले : शंख बजे, माटी हो गई सोना (संस्मरण एवं रेखाचित्र), आकाश के तारे, धरती के फूल (कहानी-संग्रह) आदि।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ:**

व्यथा-दु:ख; वेदना; आगंतुक-अतिथि, खादिम-सेवक, चील-बाज की जाति की एक चिड़िया (Eagle), तख्त-सिंहासन, लपलपाना-चमकना, आन-मर्यादा, कड़कना-ऊँचे स्वर में बोलना, तिरछी-वक्र, टेढ़ी; तमतमाना-गुस्से से चेहरा लाल होना, हिमाक़त-मूर्खता, आसरा-सहारा, आश्रय; उम्मीद-आशा, भरोसा; मुनासिब-योग्य, उचित; पलीता-बंदूक या तोप की रंजक में आग लगाने की बत्ती, बारूद-विस्फोटक वस्तु, शोरे, गंधक और कोयले का बारीक चूर्ण जो अग्नि के संयोग से भड़क उठता है (gunpowder); किला-दुर्ग, गढ़; रणदुंदुभी-युद्ध का नगाड़ा, छीजना-कम होना, खुशामद-खुश करना, प्रसन्न करना, सुलह-संधि, लड़ाई या झगड़ा समाप्त होने पर होने वाला मेल; हकबकाना-घबरा जाना।

**मुहावरे :**

१. दम घुटना - साँस लेने में मुश्किल पड़ना

२. पौ फटना - सवेरा होना, प्रातःकाल होना

३. तमतमा उठना - गुस्से से चेहरे का रंग लाल हो जाना

४. प्राण हथेली पर रखना - मरने को तैयार होना

**टिप्पणी :**

कारुँ - हज़रत मूसा का धनी भाई

कुबेर - धन-संपत्ति के देवता

जौहर - सती सहगमन पद्धति, राजपूतों में युद्ध के समय की एक प्रथा, जिसके अनुसार शत्रु की विजय निश्चित हो जाने पर राजपूत स्त्रियाँ चिता में जल जाती थीं।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

### I. मौखिक प्रश्नः

१) हमीर के सामने कौन था?

२) अलाउद्दीन ने माहमशाह को क्या हुक्म दिया?

३) दिल्ली के बादशाह कौन थे?

४) ख़िलजी का आख़िरी संदेश क्या था?

५) भंडारी ने राणा हमीर से क्या कहा?

### II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

१) रणथंभोर के राजा कौन थे ?

२) आगंतुक का नाम क्या था ?

३) माहमशाह किसका खादिम था ?

४) राजपूतों का क्या कर्तव्य है ?

५) रणथंभोर का किला किसने घेर लिया ?

६) बहादुर की क़िस्मत के दो सितारे कौन-कौन से हैं ?

७) राजपूत स्त्रियों ने क्या निर्णय लिया?

### III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

१) माहमशाह जेल से क्यों फ़रार हो गया था?

२) प्राणों की रक्षा के लिए माहमशाह किसके पास गया और क्यों?

३) कर्तव्य के बारे में हमीर ने क्या कहा ?

४) हमीर और अलाउद्दीन के बीच रणथंभोर में हुए युद्ध का वर्णन कीजिए।

५) माहमशाह को चुप देखकर हमीर ने गंभीरता से क्या कहा?

६) राणा हमीर ने शरणागत की रक्षा कैसे की?

© KTBS Not to be republished

**IV. किसने, किससे कहा? पाठ का नाम क्या है?**

१) "सबने मुझे सहानुभूति दी, पर कोई शरण न दे सका।"

२) "माहमशाह, रणथंभोर अब तुम्हारा घर है।"

३) "शाह साहब, यह लड़कों का खेल नहीं, युद्ध है।

४) "मूर्ख अलाउद्दीन, तू रणथंभोर की इँटों को ही जीत सका।"

**V. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

१) "महाराज, मैं दुखिया हूँ, मेरे प्राण............में हैं।"

२) "महाराज, माहमशाह की तलवार आज आपकी............... में है।"

३) "हमीर की यह हिमाक़त कि मेरे चोर को............दे।"

४) व्यय के रास्ते खुले हुए थे, ............ के बंद !

५) रणथंभोर के योद्धा............ में कूद पड़े।

**VI. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१) बहादुर ______________

२) क़िला ______________

३) आसरा ______________

४) उम्मीद ______________

©KTBS Not to be republished

**VII. कहानी में 'क्रोधाग्नि' शब्द के साथ 'लपलपाती' शब्द का प्रयोग हुआ है। अब लिखिए कि इन शब्दों के साथ किसका प्रयोग होगा?**

(चमचमाते, कलकलाती, कड़कड़ाती, सरसराती, लहलहाता)

१. लपलपाती क्रोधाग्नि

२. ____________ बिजली

३. ____________ खेत

४. ____________ नदी

५. ____________ हवा

६. ____________ तारे

**VIII. अंगारे का रंग लाल होता है। अब आप इनका रंग लिखिए:**

१. आसमान - ____________

२. आपका समवस्त्र - ____________

३. आपके जूते - ____________

४. आपके घर की दीवार - ____________

५. आपके पिता की गाड़ी - ____________

६. आपका कुत्ता - ____________

**योग्यता विस्तार :**

अध्यापक की सहायता से इस कहानी को नाटक के रूप में रंगमंच पर प्रस्तुत कीजिए।

©KTBS Not to be republished

# भाषा - बोध

## क्रिया

**परिभाषा -** जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाता है, उसे क्रिया कहते हैं।

**उदा.** - खाना, पीना, सोना, खेलना, लिखना, बैठना आदि।

क्रिया के दो भेद हैं:

**क) सकर्मक क्रिया - जिस क्रिया के साथ उसका कर्म जुड़ा रहता है वह सकर्मक क्रिया कहलाती है।**

जैसे-

१. राम फुटबॉल खेलता है।

२ मीरा रोटी खाती है।

३. केतकी किताब पढ़ती है।

**ख) अकर्मक क्रिया - वाक्य में जो क्रिया, कर्म की अपेक्षा नहीं रखती, वह अकर्मक क्रिया कहलाती है।**

जैसे -

१. बच्चा चलता है।

२. फेरीवाली घूमती है।

*****

© KTBS Not to be republished

## पाठ - ६

# योगासन

**-संकलित**

**आशय : स्वस्थ शरीर हेतु योगासन उत्तम मार्ग है। विविध आसनों से कई रोगों का निवारण होता है। विविध अंगों को चेतना मिलती है। स्वास्थ्यवर्धन एवं अंगों में स्फूर्ति हेतु अनेक व्यायामों की आवश्यकता होती है। यहाँ उनका परिचय संक्षेप में दिया गया है।**

भारतीय संस्कृति में योग की अवधारणा सुदूर वैदिक काल से ही रही है। योगा में शरीर, मन और आत्मा को परमात्मा से जोड़ते हैं। इंद्रिय, मन और बुद्धि की स्थिर स्थिति का नाम ही योग है।

योगासन का तात्पर्य योग + आसन से है। इससे मन की एकाग्रता और स्वास्थ्य उत्तम होता है। योगाभ्यास के अंतर्गत महाप्राण, ध्वनि, प्राणायाम, यौगिक सूक्ष्म व्यायाम आदि आते हैं। योगासन में शरीर की नस और नाड़ियों का खिंचाव होता है जो शरीर की सभी क्रियाओं से जुड़ी हैं। योगासन से शरीर में उत्पन्न होनेवाले विकार दूर हो जाते हैं। चेहरे पर कांति, शरीर में बल, मन में उत्साह तथा बुद्धि और शक्ति का विकास होता है। योगासन के निश्चित आसन एवं तत्संबंधी क्रियाएँ हैं। योगासन के सभी सोपान अन्योन्याश्रित हैं। पूर्व सोपान की दक्षता, उत्तर सोपान के लिए अनिवार्य है। योग की दृढ़ मान्यता है कि समाधि से ही मोक्ष प्राप्ति हो सकती है।

योगा ऐसी महाशक्तियों का भंडार है जिससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक सभी प्रकार की शक्तियों का विकास होता है।

श्रीकृष्ण ने योग को दुःख रूपी संसार से त्राण दिलानेवाला कहा है और असीम धैर्य से उत्साहपूर्वक इसे प्राप्त करने का निर्देश दिया है।

©KTBS Not to be republished

पतंजलि महर्षि ने इसके लिए आठ अवस्थाओं का उल्लेख किया है-

१) यम (नैतिक कर्तव्य), २) नियम (अनुशासन द्वारा चित्तशुद्धि), ३) आसन (शरीर की स्थिति), ४) प्राणायाम (श्वास क्रिया का नियमन), ५) प्रत्याहार (बाह्य वस्तु से मन का अलगाव), ६) धारणा (किसी विषय में चित्त की एकाग्रता), ७) ध्यान (धारणा के विषय को चेतना केंद्र में टिकाए रखना), ८) समाधि (परमात्मा से मिलन)

**योगासन से लाभ एवं महत्व -**

यूँ तो आसनों से अनेक लाभ हैं, लेकिन सर्वप्रथम यह पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है, फिर उसे शक्तिशाली बनाता है।

१. विभिन्न आसनों द्वारा क्रमबद्ध उद्दीपन से शरीर सक्रिय हो जाता है।

२. शरीर सुड़ौल, सुंदर, शक्तिशाली और स्वस्थ रहता है।

३. बीमारियों की रोक-थाम और आयु वृद्धि होती है।

४. तंत्रिका पेशी और तंत्रिक ग्रंथिल प्रणालियों को नई शक्ति मिलती है।

५. मेरुरज्जु या सुषुम्ना नाड़ी की लचक बढ़ जाती है और रक्त के प्रवाह में सुधार होता है, तथा शरीर निरोग, चुस्त और फुर्तीला रहता है।

६. बवासीर रोग की रोक-थाम होती है।

७. पेट के अवयव और माँसपेशियाँ मज़बूत होती हैं।

८. प्रचुर मात्रा में पाचक रसों का स्राव होता है।

९. धार्मिक एवं आध्यात्मिक शांति तथा मानसिक दृष्टिकोण विकसित होता है।

१० अनेक रोग जैसे मधुमेह, दमा, गठिया, उदर रोग, कमर दर्द, आदि को दूर करता है।

©KTBS Not to be republished

**योगासन के आवश्यक निर्देश -**

१) प्रारम्भ में योग्य शिक्षक से आसन सीख लेने चाहिए।

२) बलपूर्वक आसनों का अभ्यास नहीं करना चाहिए।

३) सूर्योदय से पहले या तुरंत बाद, आसनों के अभ्यास का सर्वोत्तम समय है।

४) स्वच्छ हवादार जगह या खिड़की के सामने ज़मीन पर कंबल बिछाकर प्रसन्न चित्त से आसनों का अभ्यास करना चाहिए।

५) दिन भर में तीन-चार बार अवश्य खुलकर हँसें और इस प्रकार हँसना भी योग है।

६) योगाभ्यासी कुछ मिनट श्रद्धापूर्वक प्रार्थना करें।

७) संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें।

८) आसनों के अभ्यासियों को ६-७ घंटे अवश्य गहरी नींद लेनी है।

**शब्दार्थ :**

अवधारणा-ग्रहण, असीम-सीमा रहित, अन्योन्याश्रित-एक दूसरे पर अवलंबित, विकार-बीमारी, रोग; दुरूस्त-सही, उद्दीपन-उत्तेजना, तंत्रिक-नसों संबंधी, प्रणाली-system, सुषुम्ना-तीन प्रमुख नाड़ियों में से एक, व्यवधान-बाधा।

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न :**

१) आसनों का अभ्यास के लिए योग्य समय कौन-सा है ?

२) योग की अवधारणा भारतीय संस्कृति में कब से है ?

३) श्री कृष्ण ने योगा के संबंध में क्या कहा है ?

©KTBS Not to be republished

## II. प्रश्नों का उत्तर लिखिए:

१) पतंजलि महर्षि के अष्टांग योग का उल्लेख कीजिए।

२) योगासन से क्या तात्पर्य है ? संक्षेप में लिखिए।

३) योगासन से क्या लाभ है ?

४) योगासन के लिए किन आवश्यक निर्देशों का पालन करना चाहिए ?

## III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

१) योगा महाशक्तियों का ____________ है।

२) योगासन में नस और नाड़ियों का ____________ होता हैं।

३) योगासन के सभी सोपान ____________ हैं।

४) योगासन ____________ क्रिया को दुरुस्त करता है।

## IV. उदाहरण के अनुसार लिखिए: ('इक' प्रत्यय जोड़ना)

**१. वेद - वैदिक**

२. शरीर -

३. देह -

४. बुद्धि -

५. आध्यात्म -

६. समाज -

७. शिक्षा -

©KTBS Not to be republished

**V. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:**

१. सुख X

२. अधैर्य X

३. स्थूल X

४. निरुत्साह X

५. हानि X

६. गंदा X

**VI. योगाभ्यास से होनेवाले कोई चार लाभ लिखिए।**

**VII. एक शब्द बनाइए: (वर्तनी पर ध्यान रहे)**

जैसे : प्राण+आयाम-प्राणायाम

१. योगा + अभ्यास -

२. योगा + आसन -

३. अन्योन्य+ आश्रित -

४. शव + आसन -

५. विद्या + अर्थी -

६. कमल + आसन -

©KTBS Not to be republished

**VIII. आप एकाग्रता के साथ पढ़ाई करना चाहते हैं। लेकिन अपका चित्त चंचल हो जाता है। अब चार ऐसी चीजें या कारण लिखिए जिनसे आपका मन चंचल हो जाता है।**

जैसे : क्रिकेट मैच चल रहा है तो मन चंचल हो जाता है।

१. ______________________________

२. ______________________________

३. ______________________________

४. ______________________________

**योग्यता विस्तार :**

* समीप के योगा केन्द्र से अन्य जानकारी प्राप्त करें और सरल आसनों का अभ्यास करें।
* सूर्य नमस्कार की स्थितियों का चित्र बनाइए।

©KTBS Not to be republished

# भाषा-बोध

## क्रिया विशेषण

क्रिया की विशेषता प्रकट करनेवाले शब्दों को क्रिया विशेषण कहते हैं। ये शब्द अव्यय या अविकारी होते हैं।

उदाहरण : घोडा तेज़ दौड़ता है। लड़के तेज़ दौड़ते हैं।
क्रिया विशेषण के चार भेद हैं। वे हैं -

१) स्थानवाचक क्रिया विशेषण
२) कालवाचक क्रिया विशेषण
३) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण
४) रीतिवाचक क्रिया विशेषण

**१) स्थानवाचक क्रिया विशेषण:**

जो शब्द क्रिया के स्थान और दिशा आदि का बोध कराते हैं उन्हें स्थानवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

जैसे - यहाँ, वहाँ, आगे, पीछे, दाएँ-बाएँ आदि।

**२) कालवाचक क्रिया विशेषण**

जिन शब्दों से समय, अवधि तथा किसी क्रिया के बार-बार होने का ज्ञान हो उन्हें कालवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

जैसे - आज, कल, परसों, सदा, तुरंत आदि।

**३) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण :**

जिन शब्दों से क्रिया के परिमाण का बोध हो, उन्हें परिमाण वाचक क्रिया विशेषण कहते हैं ।

जैसे - उतना-जितना, अधिक, कम, कुछ आदि ।

**४) रीतिवाचक क्रिया विशेषण :**

जिन शब्दों से क्रिया के होने की रीति या ढंग का बोध हो, उन्हें रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं ।

जैसे - तेज, धीरे-धीरे, जल्दी आदि ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ७

## इसे जागाओ

-भवानीप्रसाद मिश्र


**आशय : सरल भाषा में लिखित यह कविता जीवन में सत्कर्म तथा समय का महत्व बताती है।**

भई सूरज
ज़रा इस आदमी को जगाओ!
भई पवन,
ज़रा इस आदमी को हिलाओ!
यह आदमी जो सोया पड़ा है,
जो सच से बेखबर
सपनों में खोया पड़ा है!
भई पंछी,
इसके कानों पर चिल्लाओ!
भई सूरज, ज़रा इस आदमी
को जगाओ!
वक्त पर जगाओ,
नहीं तो जब बेवक्त जगेगा यह
तो,जो आगे निकल गए हैं

©KTBS Not to be republished

उन्हें पाने-
घबरा के भागना अलग है,
क्षिप्र तो वह है
जो सही क्षण में सजग है।
सूरज, इसे जगाओ,
पवन, इसे हिलाओ,
पंछी, इसके कानों पर चिल्लाओ!

**कवि परिचय :**


द्वितीय सेमिस्टर
1. मीराबाई के पद

१. बसो मोरे नैनन में नँदलाल।
म    ोहनी मूरति साँवरी सूरति, नैना बनै बिसाल।
अधर सुधारस मुरली राजति, उर बैजंती माल।
छुद्र घंटिका कटि तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।
मीरा प्रभुसंतन सुखदाई, भक्त बछल गोपाल।।

२. मेरे तो गिरिधर गोपाल, दूसरो न कोई।
जा के सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।
छाँडी दई कुल की कानि, क्या करेगा कोई।
संतन ढिग बैठि बैठि, लोक लाज खोई।
अँसुवन जल सींचि सींचि, प्रेमबेलि बोई।
अब तो बात फैल गयी, होनि होय सो होई।
भगत देखि राजी हुई, जगत देखि रोई।
दासी मीरा लाल गिरिधर, तारो अब मोहीं।।

भवानीप्रसाद मिश्र का जन्म २९ मार्च १९१४ को गाँव टिगरिया, तहसील सिवनी मालवा, जिला होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) में हुआ था।१९३४-३५ में उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत विषय लेकर बी.ए. पास किया। महात्मा गांधी के विचारों के अनुसार शिक्षा देने के विचार से एक स्कूल खोलकर अध्यापन कार्य शुरू किया। उन्होंने कविताएँ लिखना लगभग १९३० से ही नियमित रूप से प्रारंभ किया था। उन्होंने आकाशवाणी केंद्र, दिल्ली में भी काम किया। २० फरवरी १९८५ को उनका देहांत हो गया।

उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं - गीत फरोश, चकित है दुख, गाँधी पंचशती, बुनी हुई रस्सी, खुशबू के शिलालेख, त्रिकाल संध्या, अँधेरी कविताएँ, तुकों के खेल, जिन्होंने मुझे रचा, कुछ नीति कुछ राजनीति आदि।

**शब्दार्थ:**

भई-भाई, पवन-हवा, बेखबर-जिसको खबर न हो, क्षिप्र-तेज गतिवाला, बेवक्त-गलत-समय।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न:**

१. कवि सूरज से किसे जगाने को कह रहे हैं?

२. कवि आदमी को कब जगाना चाहते हैं?

३. आदमी को जगाने के लिए कवि पवन से क्या कह रहे हैं?

४. बेखबर आदमी की स्थिति क्या होती है?

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१. कौन सपनों में खोया पड़ा है?

२. आदमी को उठाने के लिए पंछी को क्या करना चाहिए?

३. कवि आदमी को जगाने के लिए किन-किन से प्रार्थना करते हैं?

**III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर दीजिए:**

१. इस कविता का सार लिखिए।

२. कवि भवानीप्रसाद मिश्र का परिचय लिखिए।

**IV. निम्नलिखित शब्दों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

१. सूरज _______ _______

२. पवन _______ _______

३. आदमी _______ _______

४. वक्त _______ _______

५. पंछी _______ _______

Not to be republished ©KTBS

## V. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

१. भई सूरज ज़रा ____________________!

२. सपनों में ____________________!

३. भई पंछी, इसके कानों पर ____________________!

## VI. जोड़कर लिखिए:

| | |
|---|---|
| १. सपनों में | इस आदमी को हिलाओ! |
| २. सूरज | इसके कानों पर चिल्लाओ! |
| ३. पवन | खोया पड़ा है! |
| ४. पंछी | इसे जगाओ! |

## VII. भावार्थ लिखिए:

वक्त पर जगाओ,
नहीं तो जब बेवक्त जगेगा यह
तो, जो आगे निकल गए हैं
उन्हें पाने-
घबरा के भागना अलग है,
क्षिप्र तो वह है
जो सही क्षण में सजग है।

## योग्यता विस्तार:

सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी की - 'जागो फिर एक बार' कविता पढ़िए और कक्षा में चर्चा कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

## पाठ-८

# कृष्णदेवराय

**-संकलित**

**आशय : भारत इतिहास प्रसिद्‌ध देश है। यहाँ अनेक प्रतापी, समर्थ राजा महाराजाओं का जन्म हुआ है। इस पाठ में राजा कृष्णदेवराय का परिचय दिया गया है।**



भारत देश में अशोक, हर्षवर्धन, राणा प्रताप, अकबर, शिवाजी जैसे पराक्रमी एवं सुयोग्य शासक पैदा हुए हैं। कृष्णदेवराय का नाम भी इसी परंपरा में बड़े आदर के साथ लिया जाता है। कृष्णदेवराय अत्यंत प्रतापी, समर्थ और न्यायपरायण शासक तथा कला-साहित्य के प्रेमी थे। उनकी अद्वितीय प्रतिभा के कारण दक्षिण भारत का यश विदेशों में भी फैल सका।

©KTBS Not to be republished

कृष्णदेवराय विजयनगर साम्राज्य के सम्राट थे। विजयनगर, 'विद्यानगर' के नाम से भी जाना जाता है। कर्नाटक के वर्तमान बल्लारी जिले के अंतर्गत होसपेट के समीप स्थित कमलापुर प्रदेश हंपी के नाम से प्रसिद्ध है। यही प्राचीन विजयनगर था।

कृष्णदेवराय सन् १५०९ में २० वर्ष की उम्र में विजयनगर के सिंहासन पर बैठे। उनके संरक्षक थे तिम्मरसु, जो विजयनगर साम्राज्य के महामंत्री थे। कृष्णदेवराय उन्हें बड़े आदर और प्रेम के साथ अप्पाजी (पिताजी) बुलाते थे।


जब कृष्णदेवराय गद्दी पर बैठे, तब विजयनगर की राजनैतिक परिस्थिति ठीक नहीं थी। साम्राज्य के सामंत राजा बगावत करने पर उतारू थे। सीमा पर स्थित बहमनी सल्तनतें विजयनगर को कब्जे में करने की ताक में थीं। कृष्णदेवराय को एक साथ कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन चतुर महामंत्री तिम्मरसु एवं प्रतापी सेनानियों की मदद से वे विजयनगर साम्राज्य को सुशासन और सुरक्षा दे पाये।

कृष्णदेवराय ने सर्वप्रथम कलिंग के गजपति को सबक सिखाने की ठानी। उन्होंने एक बड़ी सेना के साथ कुछ सेनापतियों को गुंटूरु भेजा, जहाँ विजयनगर और कलिंग की सेना के बीच में घमासान लड़ाई हुई। इस युद्ध में विजयनगर की जीत हुई।

कृष्णदेवराय ने बहमनी सुलतान मुहम्मद शाह-द्वितीय के छक्के छुड़ा दिये। उन्होंने मैसूरु प्रदेश के उम्मत्तूरु के राजा को भी युद्ध में हराया। फिर विजयपुरा, बीदर, कलबुरगि, गोलकोडां एवं रायचूर के सुलतानों को पराजित किया। इस प्रकार कृष्णदेवराय ने बहमनी सुलतानों को सिर उठाने नहीं दिया।

© KTBS Not to be republished

कलिंग का प्रतापरुद्र गजपति बहुत शक्तिशाली राजा था। वैसे पहले एक बार वह विजयनगर की सेना से हार खा चुका था। कृष्णदेवराय उसका घमंड तोड़ने के लिए स्वयं बडी सेना लेकर निकल पड़े। आंध्र के उदयगिरि, कोंडपल्लि एवं कोंडवीडु जैसे किले गजपति के अधीन थे। कृष्णदेवराय ने साहस के साथ लड़कर गजपति के गर्व को चूर-चूर कर दिया।



कृष्णदेवराय का साम्राज्य आंध्र, कर्नाटक एवं तमिलनाडु के एक बड़े भू-भाग में फैला हुआ था। तब दक्षिण में इतना बड़ा राज्य और कोई नहीं था।

कई विदेशी यात्रियों ने विजयनगर के वैभव का वर्णन किया है। निकोलो कोंति, नुनीज, दोमिंगो, पेस एवं अब्दुर्रज़ाक आदि विदेशी यात्रियों ने विजयनगर साम्राज्य की राजधानी के वैभव, सुख-समृद्धि, सेना एवं शासन-प्रणाली का विस्तार से वर्णन किया है। कृष्णदेवराय के ज़माने में दशहरा बड़ी धूमधाम से मनाया जाता था। दक्षिण भारत के इतिहास में कृष्णदेवराय का शासन-काल स्वर्णयुग कहलाता है।

©KTBS Not to be republished

कृष्णदेवराय बड़े कलाप्रेमी थे। वे स्वयं वीणा बजाते थे। उन्होंने तेलुगु भाषा में 'आमुक्तमाल्यदा' नामक काव्य लिखा था। उनके दरबार में आठ प्रमुख कवि थे जो अष्टदिग्गज कहलाते थे। उनमें अल्लसानि पेद्दना सबसे श्रेष्ठ थे। उनके एक और दरबारी तेनाली रामकृष्ण की हाज़िरजवाबी और विनोद की कहानियों से कौन परिचित नहीं है? वे विद्वान कवि भी थे। कृष्णदेवराय का सभागार 'भुवन विजय' के नाम से विख्यात था।

कृष्णदेवराय के ज़माने में साहित्य, संगीत एवं शिल्पकला का अपूर्व विकास हुआ। उनके ज़माने की शिल्पकला विजयनगर शैली के नाम से मशहूर है। विजयनगर के विठ्ठलनाथ, हजार राम एवं विरूपाक्ष मंदिरों का शिल्प-सौंदर्य अद्भुत है। ठोस शिला को तराशकर बनाया गया पत्थर का रथ और उग्रनरसिंह की ऊँची मूर्ति कला के बेजोड़ नमूने हैं।

कृष्णदेवराय भारतीय इतिहास के एक उज्ज्वल नक्षत्र थे।

**शब्दार्थ :**

सम्राट-बादशाह, परंपरा - सिलसिला, अद्वितीय - जिसकी बराबरी का कोई और न हो, अंतर्गत-भीतर, सरंक्षक - रक्षा और मार्गदर्शन करने वाला, सामंत - अधीनस्थ राजा, छक्के छुड़ाना - बुरी तरह हराना, तराशना - विविध उपकरणों से मूर्ति निर्माण करना, बगावत - विद्रोह, सल्तनत- राज्य।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

### I. मौखिक प्रश्न :

१) विजयनगर किस नाम से जाना जाता है?

२) कृष्णदेवराय के संरक्षक कौन थे?

३) कृष्णदेवराय किसके प्रेमी थे?

४) कृष्णदेवराय का सभागार किस नाम से विख्यात था?

५) विजयनगर में रथ किससे बना था?

### II. इन प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

१) प्राचीन विजयनगर कहाँ स्थित है?

२) तिम्मरसु कौन थे?

३) कृष्णदेवराय ने कलिंग के गजपति के गर्व को कैसे भंग किया?

४) बहमनी सुलतानों के नाम लिखिए।

५) विजयनगर साम्राज्य कहाँ तक फैला हुआ था?

६) विजयनगर साम्राज्य का वर्णन किन-किन विदेशी यात्रियों ने किया है?

७) कृष्णदेवराय द्वारा रचित तेलुगु काव्य कौन-सा है ?

८) उनके दरबार के आठ कवि क्या कहलाते थे ?

९) तेनाली रामकृष्ण किसके लिए प्रसिद्ध थे ?

१०) विजयनगर की शिल्पकला का वर्णन कीजिए।

©KTBS Not to be republished

**III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

१) कृष्णदेवराय ............ वर्ष की उम्र में सिंहासन पर बैठे।

२) कृष्णदेवराय तिम्मरसु को बड़े आदर और प्रेम के साथ ............ बुलाते थे।

३) वे स्वयं ............ बजाते थे।

४) कलिंग का ............ गजपति बहुत शक्तिशाली राजा था।

५) कृष्णदेवराय भारत के इतिहास के एक ............ थे।

**IV. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए:**

१) कब्जे में करना

२) छक्के छुड़ाना

**V. अन्य वचन रूप लिखिए:**

| | |
|---|---|
| **१. देश - देश** | **१. परंपरा - परंपराएँ** |
| २. पराक्रमी - ............ | २. प्रतिभा - ........ |
| ३. शासक - ............ | ३. समस्या - ......... |
| ४. विदेश - ............ | ४. कला - ......... |
| ५. नाम - ............ | ५. भाषा - ......... |
| ६. मंत्री - ............ | ६. सभा - ......... |
| ८. सिर - ............ | |

©KTBS Not to be republished

**VI. अन्य लिंग रूप लिखिए :**

प्रेमी - प्रेमिका

१. सम्राट - .........

२. राजा - ........

३. ....... - बेगम

४. ......... - कवयित्री

**VII. इस पाठ में प्रयुक्त सभी जगहों की एक सूची बनाइए :**

जैसे: विजयनगर, ........... .......... ............

.......... ........... .......... ............

........... ........... ........... ............

**VIII. जोड़ी मिलाइए:**

| | |
|---|---|
| १. कृष्णदेवराय | कमलापुर प्रदेश |
| २. विजयनगर | विदेशी यात्री |
| ३. हंपी | संरक्षक |
| ४. तिम्मरसु | न्यायपरायण |
| ५. गजपति | विद्यानगर |
| ६. दोमिंगो | कलिंग का राजा |

**योग्यता विस्तार :**

विजयनगर साम्राज्य के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए।

©KTBS Not to be republished

## पूरक वाचन

# अजब सूरत

सुनो गधे की एक कहानी ,
उसने की कैसी शैतानी।
जब होती थी रात घनेरी,
तब करता था वह नित फेरी।

चुपके-चुपके बाहर जाता,
खेतों से गेहूँ खा आता।
गेहूँ खा-खा मस्ती छाई,
तब क्या उसके मन में आई।

अब आगे की सुनो कहानी,
देखो, औंघाओ मत रानी।
खाल बाघ की उसने पाई,
फिर तो सूरत अजब बनाई।

पहनी उसने खाल बदन में,
चला खेत चरने फिर वन में।
खाल पहन ली ऐसे-वैसे,
गधा बाघ बना हो जैसे।

फिर खुश होकर सीना ताने,
दिन में चला खेत को खाने।

Not to be republished ©KTBS

डरे किसान देखकर सारे,
भागे झटपट बिना विचारे।

तब कोई गधा बोला ही ज्यों,
यह भी बोला चीपों-चीपों।
खुली बाघ की कलई सारी,
तब तो शामत आई भारी।

डंडे लगे धड़ाधड़ पड़ने,
लगे गधे के पैर उखड़ने।
भागा वहाँ से वह बेचारा,
सभी तरफ से हिम्मत हारा।
गिरते-पड़ते घर को भागा,
मरते-मरते प्राण बचाता।

**प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१. गधा किस समय पर फेरी करता था?

२. गधे ने अपनी सूरत अजब कैसे बनाई?

३. किसान बिना सोचे क्यों भागे?

४. गधे की कलई कब खुली?

५. गधे के पैर क्यों उखड़ने लगे?

*****

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ९


# हंस और कौआ

**- लोककथा**

**आशय : कुछ लोग बड़बोले होते हैं, लेकिन भीतर से खोखले। कुछ और लोग बड़े ज्ञानी होते हुए भी खामोश रहते हैं। उनकी विद्‌वत्ता वक्त आने पर ही प्रकट होती है।**

गंगा के किनारे बरगद का एक बड़ा पेड़ था और उस पेड़ के आसरे में पक्षियों की एक बड़ी बस्ती रहती थी।

पूर्व में प्रभात हुआ। सारी रात जो बरगद गूँगा बना रहा, वह अब मानो जम्हाई लेकर और आलस मरोड़ कर उठ बैठा; जैसे उसकी वाणी का स्त्रोत फूट पड़ा हो।



भागीरथी का धीर, गंभीर नीर कल-कल, छल-छल नाद के साथ बह रहा था। ऐसे समय तीन हंस बरगद के नीचे आ पहुँचे। शुद्‌ध श्वेत-वर्ण वाले मानस सरोवर के राजहंस! सफ़ेद झक उनके पंख और मोती-मराल का दाना चुगनेवाली उनकी सुन्दर लाल चोंच! आज वे कोई पचास कोस का मार्ग तय करके आए थे; उनके मुँह पर और उनके पंखों पर थकान की तनिक-सी छाया थी। पंख समेटकर हंस बरगद के नीचे बैठे।

©KTBS Not to be republished

पेड़ पर एक कौआ रहता था। काजल-से काले उसके पंख और पंखों से भी अधिक काली उसकी चोंच। दोनों आँखों में से एक आँख झूठी और दो पैरों में एक पैर लंगड़ा, जीभ पर सरस्वती विराजती थीं !

हंसों को देखकर कौआ भाई काँव-काँव करके फुदकने लगे; कभी गरदन टेढ़ी करते, कभी कानी आँख घुमाते, कभी इस डाल से उस डाल पर फुदककर बैठते और कभी अपनी चोंच साफ करने लगते !

"यह कौन बैठा है यहाँ ?" कौए ने अत्यंत तिरस्कारपूर्वक कहा और अपनी एक टाँग उठाकर उसने हंसों पर चिरक दिया। हंस आराम से बैठे थकान उतार रहे थे। उनमें से एक हंस बेताब हो उठा ; अभी उसकी जवानी फूट ही रही थी। कौए की बीट पड़ते ही नौजवान हंस ने ऊपर देखा।

"अरे, तुम कौन हो ? यहाँ क्यों आये हो ? क्या यह बड़ तुम्हारे बाप का है?" कौए ने पूछा।

हंसों ने जवाब नहीं दिया। यह देखकर कौए को और जोश आ गया। वह चार डाल नीचे उतरा और ज्यादा जोर से काँव-काँव करने लगा। बोला - "अरे, बोलते क्यों नहीं हो ? मुँह में जीभ-वीभ है या नहीं ?"

कौआ और दो-चार डाल नीचे उतर आया। अब वह बिलकुल ही पास आ गया। उसका काँव-काँव तो जारी ही था।

कौए के कर्कश स्वर से थककर एक हंस ने उत्तर दिया - "हम राजहंस हैं। आज लंबा पथ पूरा करके थक गए हैं; इसलिए कुछ देर यहाँ बैठकर विश्राम कर रहे हैं। अभी चले जाएँगे।"

"तो कुछ उड़ना-उड़ाना भी जानते हो या यों ही इतने बड़े-बड़े पंख लिए बैठे हो?" कौआ भाई तो फूले नहीं समा रहे थे। फिर बड़ पर चढ़ गए और उड़ने लगे।

©KTBS Not to be republished

नौजवान हंस कौए की ओर टकटकी लगाए था।

किंतु कौए से कहीं रहा जाता ? बोला - ''यों घूर-घूरकर क्या देख रहे हो ? उड़ना जानते हो, तो आ जाओ। मैं इक्यावन तरह की उड़ानें उड़ना जानता हूँ। देखो, यह दूसरी, यह तीसरी और देखो, यह चौथी और यह बिलकुल नई !''

कौए की इक्यावन उड़ानें ! बाईं आँख मूँदे और एक उड़ान हो जाए, दाहिनी मूँदे और दूसरी ; चोंच को ऊपर उठाए रक्खे, तो तीसरी और नीचे झुकाए रक्खे, तो चौथी। इस तरह कौए ने अपने इक्यावन प्रकार तैयार कर रक्खे थे और खेल सारा बरगद के आसपास !

दो-चार प्रकार की उड़ानें दिखाकर कौआ फिर नीचे उतर आता, छाती फुलाता, ऐंठकर चलता, हंसों के सामने आता और कहता - ''ऐसा कुछ जानते हो ?''

इस तरह कौए की इक्यावन तरह की उड़ानों का प्रदर्शन पूरा हुआ। किंतु हंस जवाब दें तब न ? हंसों की चुप्पी से कौए महाशय का हौसला और भी बढ़ गया और वह बोला- ''है हिम्मत मेरे साथ उड़ने की ? इक्यावन प्रकार में से कोई दो-चार तो उड़कर दिखाओ। दीखते तो छैलछबीले हो! शरम नहीं आती ?''

वृद्ध हंस चुप ही रहे, किंतु उस युवक हंस का खून खौल उठा। बोला - ''दादा ! मुझे जाने दो न ?''

''इस कौए की सात पीढ़ियों ने कभी हंस देखे नहीं। हम तो मानस सरोवर के राजहंस हैं। हम इस कौए के मुँह क्यों लगें ? हम इसके साथ होड़ में उतरें तो इसे व्यर्थ की झूठी प्रतिष्ठा प्राप्त हो जाए। भले बकता रहे! हम तो अभी चल पड़ेंगे।'' उस अनुभवी हंस ने जवाब दिया।

©KTBS Not to be republished

किंतु इससे उस नौजवान के मन को संतोष न हुआ। उसके पंख चुलबुलाने लगे ; उसका दिल दुखने लगा। बोला - "ना दादा ! मुझे तो ज़रा इसे दिखाने दे ?"

"नहीं भाई, नहीं।"

किंतु जवानी आखिर उछली ! नौजवान हंस सामने आया और बोला - "भाई ! तुम्हें इक्यावन उड़ानें आती हैं ; उतनी तो मैं नहीं जानता पर एक उड़ान जानता हूँ।"

"कितनी, एक ? छिः छिः ! एक में क्या धरा है ?"

नौजवान हंस बोला - "उस एक उड़ान में तुम मेरे साथ उड़ना चाहो, तो चलो।"

कौआ भाई छाती फुलाते हुए आगे आया और बोला - "एक ही? बस केवल एक ? अच्छा तो चलो, एक तो एक ही सही ; लेकिन मेरी इक्यावन उड़ानें तो देख ली हैं न ? एक और इक्यावन का फ़रक तो समझते हो न ?"

और दोनों की एक उड़ान शुरू हुई। टेढ़े-तिरछे उड़नेवाले कौआ भाई आगे और धीरे गतिवाला नौजवान हंस पीछे। कौआ भाई का खेल तो रोज़ बड़ के आस-पास ही होता रहता था, किंतु आज दोनों नदी की ओर मुड़े। दोनों ने गंगा के घुटने-घुटने पानी को पीछे छोड़ा और आगे बढ़ गये। कौए के हर्ष का पार न था। कौआ भाई ज़ोर मारकर बराबर आगे रहने की कोशिश करते थे और हंस तो सहज भाव से उड़ता चला जा रहा था। कुछ दूर आगे जाने पर कौआ मुड़ा और बोला - "इतने पीछे क्यों रह जाते हो ? थक गए हो, तो कह देना। कहने में शरम - संकोच न रखना। यह तो 'पानी' का काम है। हम तो रात-दिन के अभ्यासी ठहरे, तुम्हारी हमारी बराबरी क्या ?"

©KTBS Not to be republished

हंस ने कहा - ''कोई बात नहीं, उड़े चलो।''

और आगे कौआ, पीछे हंस।



फिर कुछ दूर उड़ने के बाद कौआ भाई बोला थक गये होंगे, चलो अब लौट चलें।''


हंस ने शांति पूर्वक जवाब दिया - ''नहीं, नहीं। मैं तो तनिक भी नहीं थका हूँ। तुम उड़े चलो, मेरी फ़िकर न करो।''

आगे-आगे कौआ भाई और पीछे-पीछे हंस। किंतु कौआ भाई तो थक चला। कोई-न-कोई बहाना निकालता और लौटने की बात करता पर हंस से एक ही जवाब मिलता-''उड़े चलो।''

आखिर कौआ भाई थक गया। उसका दम फूलने लगा और पंख पानी की सतह को छूने लगे।

नौजवान हंस पीछे-पीछे उड़ता आ रहा था। बोला - ''कहिए, कौआ भाई! भला, यह कौन-से प्रकार की उड़ान है ? यह तो कोई नई ही उड़ान मालूम होती है।''

कुछ देर बाद तो कौआ भाई के पंख भीग गये, और सिर पानी में डूबने-उतराने लगा।



''कहिए कौआ भाई ! यह आपका इक्यावनवाँ प्रकार तो नहीं है न? यह उड़ान इतनी कठिन क्यों लगती है ?'' बिना प्यास के पानी पीते-पीते बरगद के राजा कौआ भाई बोला - ''भाई ! यह इक्यावनवाँ प्रकार नहीं। यह तो मेरे जीवन

©KTBS Not to be republished

का अंतिम प्रकार है।''

राजहंस को दया आ गई ; वह फुरती से कौए के पास पहुँचा और उसे अपनी पीठ पर बिठा लिया।

हंस ने कहा - ''भाई ! मुझे तो एक ही उड़ान आती है। अब ज़रा देखो मेरी यह एक उड़ान। अच्छी तरह जमकर बैठना!''

और हंस तो उड़ा सो उड़ा। हिमालय के शिखरों को पार करके मानस सरोवर तक पहुँचनेवाला राजहंस, गंगा के घाट को चीरकर उस पार पहुँचा और वहाँ से एक लंबा चक्कर लगाकर, कौआ भाई को विशाल आकाश दर्शन कराता हुआ वापस बरगद के नीचे आ गया। हंस को नीचे उतरा देख कौआ भाई की जान-में-जान आई।

आखिर कौआ भाई तो कौआ भाई ही ठहरा !

हंस ने ज़मीन पर पैर रखा, इतने में तो कौआ काँव-काँव करता, पीठ पर से उड़कर पेड़ पर पहुँच गया और बाद में बरगद की उसी डाल पर से एक बार फिर हंसों पर चिरक दिया !

कुछ देर बाद राजहंस उड़ गये।

**शब्दार्थ :**

प्रभात - प्रातःकाल, सवेरा; जम्हाई - अंगड़ाई लेना, धीर - दृढ़, विचलित न होना; नीर - जल, पानी; मराल - हंस, चुगना - चोंच से दाना बीनकर खाना, कानी - एक आँख वाली, फुदकना - कूदना, बेताब - व्याकुल, चिरकना - मल त्यागना, बड़ - बरगद का वृक्ष, पथ - रास्ता, मार्ग; टकटकी - स्थिर दृष्टि, घुमाना-मरोड़ना, हौसला-हिम्मत, सामर्थ्य; छैलछबीले - सुन्दर, होड़ - शर्त, स्पर्धा, बाजी; चुलबुलाना - चंचल होना, तनिक - थोड़ा , सतह - ऊपरी भाग, फुरती - शीघ्रता, जल्दी; घाट - किनारा, झक - उज्ज्वल, चमकीला।

©KTBS Not to be republished

**मुहावरे :**

फूला न समाना - अत्यंत हर्षित होना, आनंदित होना

छाती फुलाना - गर्व करना

खून खौलना - क्रोधित होना

मुँह लगना - सवाल-जवाब करना, तकरार करना

दम फूलना - हाँफना, अधिक परिश्रम के कारण साँस का तीव्र गति से चलना

जान-में-जान आना - तसल्ली होना, धैर्य धारण करना

**टिप्पणी :**

कोस - तीन मील की दूरी।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

I. **मौखिक प्रश्न :**

१) बरगद का पेड़ कहाँ था ?

२) हंस पक्षी कहाँ आ पहुँचे ?

३) राजहंस किस सरोवर के थे ?

४) हंसों ने कितने कोस का मार्ग तय किया ?

५) हंस को देखकर कौए ने क्या किया ?

II. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

१) मानस सरोवर के राजहंस देखने में कैसे थे ?

२) कौए के रूप-रंग का वर्णन कीजिए।

३) कौए ने आगंतुक हंसों के सामने कैसे व्यवहार किया ?

४) नौजवान हंस ने कौए को किस प्रकार सबक सिखाया ?

५) ''हंस और कौआ'' लोककथा का उद्‌देश्य अपने शब्दों में लिखिए।

## III. किसने, किससे कहा ?

१) ''अरे, तुम कौन हो ? यहाँ क्यों आये हो ?''

२) ''मैं इक्यावन तरह की उड़ानें जानता हूँ।''

३) ''ना दादा ! मुझे तो ज़रा इसे दिखाने दे ?''

४) ''नहीं, नहीं। मैं तो तनिक भी नहीं थका हूँ।''

५) ''यह तो मेरे जीवन का अंतिम प्रकार है।''

## IV. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

१) पंख समेटकर हंस ........... के नीचे बैठे।

२) आज लंबा पथ पूरा करके ........... गए हैं।

३) हंसों की चुप्पी से कौए महाशय का ........ और भी बढ़ गया।

४) हम तो मानस सरोवर के ........... हैं।

५) हंस को नीचे उतरा देख .......... की जान-में-जान आई।

## V. विलोम शब्द पाठ से ढूँढ़कर लिखिए :

१. संध्या X

२. दिन X

३. काला X

४. सीधी X

©KTBS Not to be republished

५. नीचे x ६. पास x

७. सवाल x ८. बुरी x

VI. **पर्यायवाची शब्द मिलाइए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पेड़ | पंख | रक्त | |
| खून | पक्षी | शुरू | |
| वृक्ष | वाणी | जल | पर |
| नीर | प्रारंभ | बात | चिड़िया |

**VII. पाठ मे 'कल-कल', छल-छल, काँव-काँव शब्दों का प्रयोग हुआ है। इन शब्दों का कोई विशेष अर्थ नहीं है। ये ध्वनियाँ हैं।**

जैसे-नदी कल-कल बहती है। यह नदी के पानी के बहने की ध्वनि है।

अब आप ऐसे कुछ और ध्वनियों को सोचकर लिखिए:

१. ......................

२. ......................

३. ......................

४. ......................

५. ......................

©KTBS Not to be republished

**VIII. कौआ और हंस आसमान में उड़नेवाले पक्षी हैं। आप अन्य कुछ उड़नेवाले पक्षियों की सूची बनाइए:**

१. ........................

२. ........................

३. ........................

४. ........................

५. ........................

६. ........................

IX. **पुनरुक्त शब्दों को पाठ से ढूँढ़कर लिखिए:**

जैसे - बड़े-बड़े

१. ........................

२. ........................

३. ........................

४. ........................

५. ........................

**योग्यता विस्तार:**

हंस और कछुआ, गिलहरी और कौआ - ऐसी कहानियों का संग्रह कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ - १०

# सुख - दुःख

- सुमित्रानंदन पंत

**आशय : सुख और दुख शाश्वत या निरंतर नहीं होते। अतः दोनों को समान भाव से स्वीकार करने में ही जीवन की मधुरता है।**

मैं नहीं चाहता चिर सुख,
चाहता नहीं अविरत दुःख,
सुख-दुःख की आँख मिचौनी
खोले जीवन अपना मुख।

सुख-दुःख के मधुर मिलन से
यह जीवन हो परिपूरन,
फिर घन में ओझल हो शशि
फिर शशि से ओझल हो घन।

जग पीड़ित है अति दुःख से,
जग पीड़ित रे अति सुख से
मानव जग में बँट जावें
दुःख सुख से औ सुख दुःख से।


अविरत दुःख है उत्पीड़न,
अविरत सुख भी उत्पीड़न,

©KTBS Not to be republished

सुख-दुःख की निशा-दिवा में,
सोता जगता जग जीवन।

यह साँझ-उषा का आँगन,
आलिंगन विरह-मिलन का,
चिर हास अश्रुमय आनन
रे इस मानव-जीवन का।

## कवि-परिचय



सुमित्रानंदन पंत जी का जन्म सन् १९०० में अल्मोडा जिले (उ.प्र.) के कौसानी गाँव में हुआ। प्रकति के सुकुमार कवि के रूप में इन्हें जाना जाता है। छायावादी कवियों में पंत जी प्रमुख रहे। इनके काव्य की प्रमुख विशेषता प्रकृति चित्रण है। पंत जी की प्रमुख काव्य कृतियाँ-वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन, स्वर्ण धूलि, उत्तरा, ग्राम्या, लोकायतन आदि हैं। 'चिदंबरा' काव्य-संग्रह के लिए इन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है। 'कला और बूढ़ा चाँद' कविता-संग्रह पर इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। सन् १९७७ में इनका देहांत हुआ।

**शब्दार्थ:**

चिर - शाश्वत, सदा; अविरत - लगातार, निरंतर; घन - बादल, शशि - चाँद, ओझल - गायब, छिपना; पीड़ित - दुःखी, उत्पीड़न- कष्ट, निशा - रात्रि, दिवा - दिन, साँझ - शाम, उषा - प्रातःकाल, सुबह; विरह - बिछुड़ना, हास - हास्य, अश्रुमय - आँसू से भरा, आनन - मुख, आलिंगन - गले मिलना, मुख - मुँह, परिपूरन - परिपूर्ण।

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न :**

१) कवि क्या नहीं चाहता है ?

२) जीवन कैसे परिपूर्ण होगा ?

३) अति सुख और अति दुःख से कौन पीड़ित है ?

४) जीवन किसका आँगन है ?

**II. प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१) कवि चिर सुख या दुःख क्यों नहीं चाहता है ?

२) ''घन में ओझल हो शशि और शशि से ओझल हो घन'' का क्या तात्पर्य है ?

३) मानव जग में सुख-दुःख कैसे बँट जाए ?

**III. पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए:**

मैं नहीं ..........................

..............................दुःख,

....................आँख..........

........................अपना मुख।

**IV. पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए:**

१. मानव जग में बँट जावें
दुःख सुख से औ सुख दुःख से।

२. चिर हास अश्रुमय आनन
रे इस मानव-जीवन का।

Not to be republished ©KTBS

**V. वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

१. अविरत २. परिपूर्ण ३. पीड़ित ४. जगना ५. आँगन

**VI. कोई ऐसी तीन-तीन बातें लिखिए जिनसे आपको सुख और दुख का अनुभव होता हो:**

| **सुख का अनुभव** | **दु:ख का अनुभव** |
|---|---|
| १. ................ | १. ................ |
| २. ................ | २. ................ |
| ३. ................ | ३. ................ |

**VII. कविता कंठस्थ कीजिए।**

**योग्यता विस्तार :**

सुमित्रानंदन पंत की अन्य रचनाओं को पढ़िए और कक्षा में चर्चा किजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ - ११

# भगत की गत

-हरिशंकर परसाई

**आशय : 'भगत की गत' हरिशंकर परसाई जी की हास्य और व्यंग्य प्रधान कहानी है। इसमें समाज में व्याप्त पाखंड पर तीव्र प्रहार किया गया है। ईश्वर की भक्ति वैयक्तिक श्रद्धा का भाव है, प्रदर्शन की वस्तु नहीं। प्रस्तुत कहानी का भगत भक्ति के नाम पर लाउड स्पीकर लगवाकर अपने आस-पास के लोगों का जीना हराम कर देता है। मनुष्य के स्वस्थ एवं सुंदर जीवन के लिए ऐसे ढोंग, आडंबरों, पाखंडों पर गंभीरतापूर्वक चिंतन करने की आवश्यकता है।**

उस दिन जब भगत जी की मौत हुई थी, तब हमने कहा था - भगत जी स्वर्गवासी हो गए।

पर अभी मुझे मालूम हुआ कि भगत जी स्वर्गवासी नहीं, नरकवासी हुए हैं। मैं कहूँ, तो किसी को इस पर भरोसा नहीं होगा, पर यह सही है कि उन्हें नरक में डाल दिया गया है और उन पर ऐसे जघन्य पापों के आरोप लगाए गए हैं कि निकट भविष्य में उनके नरक से छूटने की कोई आशा नहीं है। अब हम उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करें, तो भी कुछ नहीं होगा। बड़ी-से-बड़ी शोक-सभा भी उन्हें नरक से नहीं निकाल सकती।

सारा मुहल्ला अभी भी याद करता है कि भगत जी मंदिर में आधी रात तक भजन करते थे। हर दो-तीन दिनों में वे किसी समर्थ श्रद्धालु से मंदिर में लाउड स्पीकर लगवा देते और उस पर अपनी मंडली समेत भजन करते। पर्व पर तो चौबीसों घंटे लाउड स्पीकर पर अखंड कीर्तन होता। एक-दो बार मुहल्लेवालों ने इस अखंड कोलाहल का विरोध किया तो भगत जी ने भक्तों की भीड़ जमा कर ली और दंगा कराने पर उतारू

©KTBS Not to be republished

हो गए। वे भगवान के लाउड स्पीकर पर प्राण देने और प्राण लेने पर तुल गए थे।



ऐसे ईश्वर भक्त जिन्होंने अरबों बार भगवान का नाम लिया, नरक में भेजे गए और अजामिला जिसने एक बार भूल से भगवान का नाम ले लिया था, अभी भी स्वर्ग के मज़े लूट रहा है। अँधेर कहाँ नहीं है ?

भगत जी बड़े विश्वास से उस लोक पहुँचे। बड़ी देर तक यहाँ - वहाँ घूमकर देखते रहे। फिर एक फाटक पर पहुँचकर चौकीदार से पूछा, ''स्वर्ग का प्रवेश-द्वार यही है न ?''

चौकीदार ने कहा, ''हाँ, यही है।''

वे आगे बढ़ने लगे, तो चौकीदार ने रोका ''प्रवेश-पत्र यानी टिकट दिखाइए पहले।''

भगत जी को क्रोध आ गया। बोले, ''मुझे भी टिकट लगेगा यहाँ? मैंने कभी टिकट नहीं लिया। सिनेमा, मैं बिना टिकट देखता था और रेल में भी बिना टिकट बैठता था। कोई मुझसे टिकट नहीं माँगता।''

©KTBS Not to be republished

भगत जी दफ़्तर में पहुँचे। वहाँ कोई बड़े देवता फ़ाइलें लिए बैठे थे। भगत जी ने हाथ जोड़कर कहा, ''अहा ! मैं पहचान गया। भगवान कार्तिकेय विराजे हैं।''

फाइल से सिर उठाकर उसने कहा, ''मैं कार्तिकेय नहीं हूँ। झूठी चापलूसी मत करो। जीवन भर वहाँ तो कुकर्म करते रहे हो, और यहाँ आकर 'हें हें' करते हो। नाम बताओ।''

भगत जी ने नाम बताया, धाम बताया।

उस अधिकारी ने कहा, ''तुम्हारा मामला बड़ा पेचीदा है। हम अभी तक तय नहीं कर पाए कि तुम्हें स्वर्ग दें या नरक। तुम्हारा फैसला खुद भगवान करेंगे।''

भगत जी ने कहा, ''मेरा मामला तो बिलकुल सीधा है। मैं सोलह आने धार्मिक आदमी हूँ। नियम से रोज़ भगवान का भजन करता रहा हूँ। कभी झूठ नहीं बोला और कभी चोरी नहीं की। मंदिर में इतनी स्त्रियाँ आती थीं, पर मैं सबको माता समझता था। मैंने कभी कोई पाप नहीं किया। मुझे तो आँख मूँदकर आप स्वर्ग भेज सकते हैं।''

अधिकारी ने कहा, ''भगत जी, आपका मामला उतना सीधा नहीं है जितना आप समझ रहे हैं। परमात्मा खुद उसमें दिलचस्पी ले रहे हैं। आपको मैं उनके सामने हाज़िर किए देता हूँ।''

एक चपरासी, भगत जी को भगवान के दरबार में ले चला। भगत जी ने रास्ते से ही स्तुति शरू कर दी। जब वे भगवान के सामने पहुँचे तो बड़े ज़ोर से भजन गाने लगे -

''हम भगतन के भगत हमारे,

सुन अर्जुन परतिज्ञा मेरी,

यह व्रत टरै न टारे'' भजन पूरा करके गद्‌गद् वाणी में बोले, ''अहा!

©KTBS Not to be republished

जन्म-जन्मांतर की मनोकामना आज पूरी हुई है। प्रभु, अपूर्व रूप है आपका। जितनी फोटो आपकी संसार में चल रही हैं, उनमें से किसी से नहीं मिलती।''

भगवान स्तुति से बोर हो रहे थे। रुखाई से बोले, ''अच्छा, अच्छा, ठीक है। अब क्या चाहते हो, सो बोलो।''

भगत जी ने निवेदन किया - ''भगवन्, आपसे क्या छिपा है ? आप तो सबकी मनोकामना जानते हैं। मुझे प्रभु, स्वर्ग में कोई अच्छी-सी जगह दिला दीजिए।''

प्रभु ने कहा, ''तुमने ऐसा क्या किया है जो तुम्हें स्वर्ग मिले ?''

भगत जी को इस प्रश्न से चोट लगी। जिसके लिए इतना किया, वही पूछता है कि तुमने ऐसा क्या किया ! भगवान पर क्रोध करने से क्या फ़ायदा ! यह सोचकर भगत जी गुस्सा पी गए। दीन भाव से बोले, ''मैं रोज़ आपका भजन करता रहा।''

भगवान ने पूछा, ''लेकिन लाउड स्पीकर क्यों लगाते थे ?''

भगत जी सहज भाव से बोले, ''उधर सभी लाउड स्पीकर लगाते हैं। सिनेमा वाले, मिठाई वाले, काजल बेचने वाले; सभी उसका उपयोग करते हैं, तो मैंने भी कर लिया।''

भगवान ने कहा, ''वे तो अपनी चीज़ का विज्ञापन करते हैं। तुम क्या मेरा विज्ञापन करते थे ? मैं क्या कोई बिकाऊ माल हूँ?''

भगत जी सन्न रह गए। सोचा, भगवान होकर कैसी बातें करते हैं !

भगवान ने पूछा, ''मुझे तुम अंतर्यामी मानते हो न ?''

भगत जी बोले, ''जी हाँ !''

भगवान ने कहा, ''फिर अंतर्यामी को सुनाने के लिए लाउड स्पीकर

Not to be republished ©KTBS

क्यों लगाते थे ? मैं क्या बहरा हूँ ? यह सब देवता मेरी हँसी उड़ाते हैं। मेरी पत्नी तक मज़ाक करती है कि यह भगत तुम्हें बहरा समझता है।''

भगत जी जवाब नहीं दे सके।

भगवान को और गुस्सा आया। वे कहने लगे, ''तुमने कई साल तक सारे मुहल्ले के लोगों को तंग किया। तुम्हारे कोलाहल के मारे वे न काम कर सकते थे, न चैन से बैठ सकते थे और न सो सकते थे। उनमें से आधे तो मुझसे घृणा करने लगे हैं। सोचते हैं, अगर भगवान न होता तो यह भगत इतना हल्ला न मचाता। तुमने मुझे कितना बदनाम किया है !''

भगत ने साहस बटोरकर कहा, ''भगवन्, आपका नाम लोगों के कानों में जाता था, यह तो उनके लिए अच्छा ही था। उन्हें अनायास पुण्य मिल जाता था।''



भगवान को भगत की मूर्खता पर तरस आया। बोले, ''पता नहीं यह परंपरा कैसे चली कि भक्त का मूर्ख होना ज़रूरी है और किसने तुमसे कहा कि मैं चापलूसी पसंद करता हूँ ? तुम क्या यह समझते हो कि

©KTBS Not to be republished

तुम मेरी स्तुति करोगे तो मैं किसी बेवकूफ़ अफ़सर की तरह खुश हो जाऊँगा? मैं इतना बेवकूफ़ नहीं हूँ भगत जी कि तुम जैसे मूर्ख मुझे चला लें। मैं चापलूसी से खुश नहीं होता, कर्म देखता हूँ।''

भगत जी ने कहा, ''भगवन्, मैंने कभी कोई कुकर्म नहीं किया।''

भगवान हँसे। कहने लगे, ''भगत, तुमने आदमियों की हत्या की है। उधर की अदालत से बच गए, पर यहाँ नहीं बच सकते।''

भगत जी का धीरज अब छूट गया। वे अपने भगवान की नीयत के बारे में शंकालु हो उठे। सोचने लगे, यह भगवान होकर झूठ बोलता है। ज़रा तैश में कहा - ''आपको झूठ बोलना शोभा नहीं देता। मैंने किसी आदमी की जान नहीं ली। अभी तक मैं सहता गया, पर इस झूठे आरोप को मैं सहन नहीं कर सकता। आप सिद्ध करिए कि मैंने हत्या की।''

भगवान ने कहा, ''मैं फिर कहता हूँ कि तुम हत्यारे हो। अभी प्रमाण देता हूँ।''

भगवान ने एक अधेड़ उम्र के आदमी को बुलाया। भगत से पूछा, ''इसे पहचानते हो ?''

''हाँ, यह मेरे मुहल्ले का रमानाथ मास्टर है। पिछले साल बीमारी से मरा था।'' भगत ने विश्वास से कहा।

भगवान बोले, ''बीमारी से नहीं, तुम्हारे भजन से मरा है। तुम्हारे लाउड स्पीकर से मरा है। रमानाथ, तुम्हारी मृत्यु क्यों हुई?''

रमानाथ ने कहा, ''प्रभु, मैं बीमार था। डॉक्टरों ने कहा कि तुम्हें पूरी तरह नींद और आराम मिलना चाहिए। पर भगत जी के लाउड स्पीकर पर अखंड कीर्तन के मारे न मैं सो सका न आराम कर सका। दूसरे दिन मेरी हालत बिगड़ गयी और चौथे दिन मैं मर गया।''

Not to be republished ©KTBS

भगत सुनकर घबरा उठे।

तभी एक बीस-इक्कीस साल का लड़का बुलाया गया। उससे पूछा, ''सुरेंद्र, तुम कैसे मरे?''

''मैंने आत्महत्या कर ली थी।'' उसने जवाब दिया।

''आत्महत्या क्यों कर ली थी ?'' भगवान ने पूछा।

सुरेंद्र ने कहा, ''मैं परीक्षा में फेल हो गया था।''

''परीक्षा में फेल क्यों हो गए थे?''

''भगत जी के लाउड स्पीकर के कारण मैं पढ़ नहीं सका। मेरा घर मंदिर के पास ही है न!''

भगत जी को याद आया कि इस लड़के ने उनसे प्रार्थना की थी कि कम-से-कम परीक्षा के दिनों में लाउड स्पीकर न लगाएँ ।

भगवान ने कठोरता से कहा, ''तुम्हारे पापों को देखते हुए, मैं तुम्हें नरक में डाल देने का आदेश देता हूँ।''

भगत जी ने भागने की कोशिश की, पर नरक के डरावने दूतों ने उन्हें पकड़ लिया।

अपने भगत जी, जिन्हें हम धर्मात्मा समझते थे; नरक भोग रहे हैं।

**लेखक का परिचयः**

हरिशंकर परसाई जी का जन्म २२ अगस्त सन् १९२४ को जमानी, मध्यप्रदेश में हुआ। व्यंग्य को हिंदी साहित्य में प्रतिष्ठित कराने में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने भारतीय जीवन के अंतर्विरोधों, विसंगतियों, भ्रष्टाचार, पाखंड तथा शोषण को व्यंग्य विधा के माध्यम से बड़ी कुशलतापूर्वक उद्घाटित किया है। उनके साहित्य सृजन का उद्देश्य ही विसंगतिहीन एवं शोषणरहित समाज की रचना करना है। उन्हें मध्यप्रदेश

©KTBS Not to be republished

साहित्य अकादमी पुरस्कार एवं भारत सरकार की ओर से पद्मश्री सम्मान प्राप्त हुआ है। उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं - 'भूत के पाँव पीछे', 'बेईमान की परत', 'सदाचार का तावीज', 'विकलांग श्रद्धा का दौर', 'वैष्णव की फिसलन' (व्यंग्य); 'तट की खोज', 'रानी नागफनी की कहानी' (उपन्यास) आदि।

**शब्दार्थ:**

गत-दशा, अवस्था; भरोसा - विश्वास, जघन्य - निकृष्ट, बुरा; फाटक - प्रवेश द्वार, चौकीदार - पहरेदार, ठेलना - ढकेलना, चापलूसी - झूठी प्रशंसा, कुकर्म - बुरा काम, धाम - रहने का स्थान, पेचीदा - उलझन, चपरासी - नौकर, रुखाई - नीरस, सन्न - स्तब्ध, अंतर्यामी - ईश्वर, भीतर की बात जाननेवाला; कोलाहल - शोरगुल, बटोरना - इकट्ठा करना, समेटना; बेवकूफ़ - मूर्ख, तैश - गुस्सा, अधेड़ - प्रौढ़ावस्था।

**मुहावरे :**

मज़ा लूटना - सुख भोगना
सोलह आने - पूर्णतः, बिलकुल
आँख मूँदकर - निश्चिंत होकर
गुस्सा पी जाना - गुस्सा आने पर भी चुप रह जाना, गुस्सा प्रकट न करना

**टिप्पणी :**

अरब - सौ करोड़

अजामिला - पुराण के अनुसार एक पापी ब्राह्मण जो मरते समय अपने पुत्र 'नारायण' का नाम लेने से तर (उद्धार) गया था।

कार्तिकेय - शिव-पार्वती का पुत्र तथा देवताओं का सेनापति।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न :**

१) भगत जी मंदिर में क्या करते थे ?

२) स्वर्ग के द्वार पर भगत को चौकीदार ने क्यों रोका ?

३) भगवान को भगत पर क्यों तरस आया ?

४) भगवान क्या देखता है ?

५) सुरेन्द्र परीक्षा में क्यों फ़ेल हो गया था?

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) स्वर्ग के द्वार पर भगत को किसने रोका ?

२) अधिकारी ने भगत को किनके सामने हाज़िर किया ?

३) भगवान किस बात से बोर हो रहे थे ?

४) भगवान के किस प्रश्न से भगत जी को चोट लगी ?

५) झूठी चापलूसी से किनको खुश नहीं कर सकते ?

६) सुरेन्द्र का घर कहाँ था ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

१) भगत जी भगवान की पूजा किस प्रकार करते थे ?

२) भगत ने प्रवेशपत्र (टिकट) के बारे में चौकीदार से क्या कहा?

३) भगत जी को भगवान के सामने क्यों उपस्थित होना पड़ा?

४) रमानाथ और सुरेन्द्र की मृत्यु के लिए कौन ज़िम्मेदार था? कैसे?

५) भगत जी को स्वर्ग में प्रवेश क्यों नहीं मिला ?

©KTBS Not to be republished

**IV. किसने, किससे कहा?:**

१) ''मुझे भी टिकट लगेगा यहाँ ?''

२) ''मैं सोलह आने धार्मिक आदमी हूँ।''

३) ''भगवन, मैंने कभी कोई कुकर्म नहीं किया।''

४) ''बीमारी से नहीं, तुम्हारे भजन से मरा है।''

५) ''मैं परीक्षा में फेल हो गया था।''

**V. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

१) ''अहा! मैं पहचान गया। भगवान ............ विराजे हैं।''

२) ''तुम्हारा मामला बड़ा ............ है।''

३) ''तुमने मुझे कितना ............ किया है।''

४) ''भगवन, मैंने कभी कोई ............ नहीं किया।''

५) अपने भगत जी, जिन्हें हम ............ समझते थे ; नरक भोग रहे हैं।''

**VI. अन्य वचन रूप लिखिए :**

| | |
|---|---|
| १) दिन | ६) बीमारी |
| २) मंडली | ७) मुहल्ले |
| ३) दरबार | ८) सभा |
| ४) साल | ९) आदमी |
| ५) परीक्षाएँ | १०) टिकटें |

©KTBS Not to be republished

**VII. सही विलोम शब्द चुनकर लिखिए:**

(नरकवासी, सच्ची, सुकर्म, टेढ़ा, गैर हाज़िर, निंदा, खुला, नुकसान, प्रेम, बुद्धिमानी)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | सीधा | X | ६. | मूर्खता | X |
| २. | स्तुति | X | ७. | कुकर्म | X |
| ३. | घृणा | X | ८. | छिपा | X |
| ४. | फायदा | X | ९. | झूठी | X |
| ५. | स्वर्गवासी | X | १०. | हाज़िर | X |

**VIII. अब 'आने' का ज़माना नहीं, रुपये, पैसों का ज़माना है।**

एक आना = छ: पैसे

सोलह आने = ९६ पैसे - इसीको पूर्ण करके १०० पैसे = आज का एक रुपया है ।

**आप आज का हिसाब लिखिए:**

१. चार आने =

२. आठ आने =

३. बारह आने =

४. सोलह आने =

©KTBS Not to be republished

## IX. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए:

१. जो सुन नहीं सकता - .................

२. जो देख नहीं सकता - .................

३. जो बोल नहीं सकता - .................

४. जो एक आँखवाला हो - .................

## योग्यता विस्तार :

कोई एक हास्य कहानी पढ़िए और सुनाइए।

*****

©KTBS Not to be republished


पाठ - १२

# धरती स्वर्ग समान

- गोपालदास 'नीरज'

**आशय : सभी में ईश्वर है। समाज की विसंगतियों, विरोधाभासों एवं निम्न वर्ग की दयनीय स्थितियों का मर्मस्पर्शी चित्रण प्रस्तुत कविता में अंकित है।**

जाति-पाँति से बड़ा धर्म है,
धर्म-ध्यान से बड़ा कर्म है,
कर्मकांड से बड़ा मर्म है,
मगर सभी से बड़ा यहाँ यह छोटा-सा इनसान है,
और अगर वह प्यार करे तो धरती स्वर्ग समान है।
जितनी देखी दुनिया सबकी देखी दुलहन ताले में,
कोई कैद पड़ा मस्जिद में कोई बंद शिवाला में,
किसको अपना हाथ थमा दूँ, किसको अपना मन दे दूँ?
कोई लूटे अँधियारे में, कोई ठगे उजाले में,



©KTBS Not to be republished

सबका अलग-अलग ठनगन है,
सबका अलग-अलग वंदन है,
सबका अलग-अलग चंदन है,
लेकिन सबके सिर के ऊपर नीला एक वितान है,
फिर जाने क्यों यह सारी धरती लहू-लुहान है?
हर बगिया पर तार कँटीले, हर घर घिरा किवाड़ों से,
हर खिड़की पर परदे, घायल आँगन हर दीवारों से,
किस दरवाजे करूँ वंदना, किस देहरी मत्था टेकूँ,
काशी में अँधियारा सोया, मथुरा पटी बज़ारों से,
हर घुमाव पर छीन-झपट है,
इधर प्रेम, तो उधर कपट है,
झूठ किए सच का घूँघट है,
फिर भी मनुज अश्रु की गंगा, अब तक पावन प्राण है,
और नहीं ले उसमें तो फिर मानव ही भगवान है।

**कवि परिचयः**



गोपालदास सक्सेना जी का जन्म ४ जनवरी सन् १९२४ में उत्तर प्रदेश के इटावा स्थित एक छोटे से गाँव पुरावली में हुआ। इन्हें सन् २००७ में पद्मभूषण की उपाधि से विभूषित किया गया। इन्होंने अपने काव्य नाम 'नीरज' से ही कविताएँ लिखी हैं। ये अलीगढ़ में हिन्दी के प्रोफेसर रहे हैं। इन्होंने हिन्दी फिल्मों के लिए गीत भी लिखे हैं।

©KTBS Not to be republished

ये दार्शनिक और शिक्षक हैं। ये प्रेम, करुणा और पीड़ा के साथ-साथ विद्रोह के भी कवि माने जाते हैं।

'नीरज' की कविताओं के संग्रह 'नीरज की पाती', 'बादलों से सलाम लेता हूँ', 'गीत जो गाए नहीं' हैं। मस्ती और मानवीयता के कवि 'नीरज' गीतकारों में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। सरस भाषा, संगीतात्मकता एवं कोमल प्रतीक इनकी कविताओं की विशेषताएँ हैं।

**शब्दार्थ :**

कर्मकांड - पाखंड, मर्म - तत्व, रहस्य; शिवाला - मंदिर, ठगना - धोखा देना, ठनगन - अधिक पाने के लिए हठ, देहरी - दरवाजे के चौखट की नीचे की लकड़ी, वितान - मंडप, लहू-लुहान - रक्त में डूबा, मनुज - मनुष्य, पावन - पवित्र।

**टिप्पणी :**

दुलहन ताले में-दुलहन कोठरी में/दरवाज़े के पीछे बंद है।

## अभ्यास

I. **मौखिक प्रश्न :**

१) धर्म किससे बड़ा है ?

२) कर्मकांड से बड़ा क्या है ?

३) लोग कब लूटते हैं ?

४) लोग कब ठगे जाते हैं ?

५) सबके सिर पर क्या फैला हुआ है ?

६) मथुरा किससे पटी हुई है ?

७) झूठ ने किसका घूँघट धारण किया है ?

II. **प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१) धर्म, कर्म और मर्म से बढ़कर क्या है?

२) इंसान धरती को स्वर्ग समान कैसे बना सकता है?

©KTBS Not to be republished

३) ‘ठनगन’, ‘वंदन’ और ‘चंदन’ से कवि का तात्पर्य क्या है?

४) कवि मानव को किन बेड़ियों से मुक्त होने को कह रहे हैं?

५) कवि ने यथार्थ विसंगतियों का वर्णन किस प्रकार किया है?

**III. भाव स्पष्ट कीजिए -**


हर बगिया पर ..................................,

.......................................... दीवारों से,

किस दरवाजे ....................................,

.................................... पटी बजारों से।

**IV. ‘न’ से अंत होनेवाले शब्दों को कविता से ढूँढ़कर लिखिए:**




**उदा:** १. इनसान

२.

३.

४.

५.

६.

७.

८.

९.

१०.

©KTBS Not to be republished

**V. पूजा-प्रार्थना स्थलों के नाम लिखिएः**

**जैसेः बौद्ध - बुद्ध विहार**

१. हिंदू - ............

२. इस्लाम - ...........

३. सिख - ...........

४. ईसाई - ..........

५. जैन - ............

**VI. पर्यायवाची शब्द लिखिएः**

**जैसेः मनुज - मनुष्य, मानव**

१. इनसान - .............. ................

२. उजाला - ............. ................

३. लहू - ............. ................

४. दरवाज़ा - ................ ................

५. बगीचा - .............. ................

**VII. कविता में दो पंक्तियों का तुकांत है तथा विशेष रूप से तीन पंक्तियों का तुकांत भी है। इसे पहचानकर लिखिएः**

१. धर्म - .......... - ............

२. ठनगन - .......... - ............

©KTBS Not to be republished

३. झपट - .......... - ............

४. इनसान - .......... - ............

५. वितान - .......... - ............

६. पावन - ........... - ............

**योग्यता विस्तार :**

राष्ट्रीयता का भाव प्रकट करनेवाली संक्षिप्त कविताओं का संग्रह कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ-१३


# विजयपुरा की सैर

-संकलित

**आशय : 'विजयपुरा' इतिहास प्रसिद्‌ध दर्शनीय स्थल है। यह 'बिजापुर' के नाम से जाना जाता था। इस पाठ द्‌वारा विजयपुरा और उसके आस-पास की जगहों का परिचय प्राप्त किया जा सकता है।**

सारी दुनिया के अत्यंत विशाल राष्ट्रों में भारत का स्थान सातवाँ है। इस विशाल राष्ट्र में असंख्य दर्शनीय स्थल हैं। उनमें से कर्नाटक राज्य का विजयपुरा शहर भी एक है। यह शहर बेंगलूरु के पश्चिमोत्तर दिशा में करीब ५७९ किलो मीटर की दूरी पर बसा हुआ है। यह आदिलशाह की राजधानी के रूप में विश्वविख्यात था। आजकल यह भारत देश के प्रमुख दर्शनीय प्रवासी केंद्रों में से एक है।

विजयपुरा तथा उसके आस-पास करीब ३०० से भी ज़्यादा दर्शनीय स्थल हैं। इन्हें देखने के लिए नित्य देश-विदेशों से असंख्य पर्यटक व सैलानी यहाँ आया करते हैं। विजयपुरा शहर के चारों ओर सवा छः मील लंबी प्राचीर है। यह पत्थरों से बाँधी गयी है। इस शहर का बड़ा हिस्सा किले की चारदीवारी के अंदर बसा हुआ है। इस किले की दीवार के बाहर चारों ओर ४० से ५० फुट चौड़ी खाई बनी हुई है। इस




तरह यह शहर एक किले की तरह है। इसके अंदर प्रवेश करने के लिए पाँच दरवाज़े हैं। पश्चिम में मक्का दरवाज़ा, पश्चिमोत्तर दिशा में शाहपुर

©KTBS Not to be republished

दरवाज़ा, उत्तर में बहमनी दरवाज़ा, पूर्व में अलीपुर दरवाज़ा है तो दक्षिण में मनगोली दरवाज़ा है।

विजयपुरा के अनेक दर्शनीय स्थानों तथा इमारतों की वास्तुकला अनुपम व अपूर्व है। यहाँ स्थित गोलगुंबज संसार भर में प्रसिद्ध है। मुहम्मद आदिलशाह ने इसे बनाया था। गोलगुंबज एशिया खंड का प्रथम व दुनिया भर का दूसरा विशाल गुंबज है। इसकी दीवारों में किसी भी तरह की आवाज़ करीब दस बार गूँजती है। यदि दीवार के नज़दीक फुसफुसाते हैं तो अत्यंत धीमी आवाज़ भी बड़ी दूर की दीवार में स्पष्ट सुनायी देती है। इसलिए यह गुंबज 'फुसफुसाने वाला गुंबज' (व्हिस्परिंग) नाम से प्रसिद्ध हो चुका है। गुंबज के अहाते में मुहम्मद तथा उसके निकटवर्तियों की कृतक समाधियाँ हैं। उनके निचले हिस्से में वास्तविक समाधियाँ हैं।

मुहम्मद आदिलशाह अपनी मृत्यु के बाद अपनी देह को अत्यंत पवित्र स्थान में दफ़नाने की इच्छा रखते थे। इसलिए उन्होंने ईराक से हज़रत मुहम्मद साहब के नवासे हुसेन साहब की समाधि के पास से पवित्र मिट्टी मँगवा ली थी और उसे अपनी मृत्यु के बाद अपनी कब्र में डाल कर दफ़नाने की हिदायत दी थी। इस तरह इस समाधि पर बाँधा गया यह भव्य गुंबज भारत व कर्नाटक की शान व आन बन गया है। यहाँ नित्य दर्शकों का मेला-सा लगा रहता है। इससे हमारी साख भी देश-विदेशों में फैल रही है।



विजयपुरा में जामिया मस्जिद, चंपा महल, नव गुंबज, जोड़ गुंबज, इब्राहिम रोज़ा, उपली बुर्ज व मेहतर महल आदि दर्शनीय स्थान हैं। मेहतर महल बँधवाने के पीछे एक कथा है। कहते हैं कि इब्राहिम आदिलशाह कुष्ठ रोग से पीड़ित था। एक ज्योतिषी ने उसे बताया था कि ''सुबह सवेरे जागते ही तुम सबसे

©KTBS Not to be republished

पहले जिस आदमी को देखोगे उसे काफ़ी धन देने से तुम्हारा कुष्ठ रोग दूर होगा।'' दूसरे दिन सुबह सवेरे इब्राहिम आदिलशाह ने एक मेहतर को देखा। उसे काफी धन दिया। मेहतर ने उस धन से सुंदर मेहतर महल बँधवाया। यह महल विजयपुरा के सुंदर महलों में से एक है।

**शब्दार्थ :**

असंख्य - अनगिनत, विख्यात - प्रसिद्ध, मशहूर; दर्शनीय - देखने लायक, पर्यटक - यात्री, सैलानी - खूब घूमने-फिरनेवाला, घुमक्कड़; प्राचीर - दीवार, खाई - खंदक, गड्ढ़ा; वास्तुकला - भवननिर्माण कला, अनुपम - बेजोड़, गूँजना - प्रतिध्वनित होना, फुसफुसाना - बहुत धीमी आवाज़ में बोलना, कृतक - कृत्रिम, दफ़नाना - मृतक को ज़मीन में गड़ना, हिदायत - निर्देश, सूचना; नवासा - पुत्री का बेटा, नाती।

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न :**

१) दुनिया के विशाल राष्ट्रों में भारत का कौन-सा स्थान है ?

२) गोलगुंबज किस शहर में है ?

३) विजयपुरा के चारों ओर क्या है ?

४) विजयपुरा शहर में प्रवेश करने के लिए कितने दरवाज़े हैं ?

५) गोलगुंबज किस नाम से प्रसिद्ध हो चुका है ?

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१) विजयपुरा व बेंगलूरु के बीच कितनी दूरी है ?

२) विजयपुरा किसकी राजधानी थी ?

३) विजयपुरा का पुराना नाम क्या था ?

©KTBS Not to be republished

४) विजयपुरा के आसपास कितने दर्शनीय स्थल हैं ?

५) इन्हें देखने के लिए कौन आते हैं ?

६) विजयपुरा के चारों ओर क्या है ?

७) उत्तर दिशा में स्थित दरवाज़े का क्या नाम है ?

८) गुंबज किस नाम से मशहूर है ?

९) इब्राहिम आदिलशाह किस रोग से पीड़ित था ?

**III. संक्षेप में उत्तर लिखिए :**

१) भारत की विशेषता क्या है ?

२) विजयपुरा में हमेशा यात्रियों का मेला-सा क्यों लगा रहता है ?

३) यह शहर किले की तरह क्यों है ?

४) गोलगुंबज की विशेषता क्या है ?

५) मुहम्मद आदिलशाह की इच्छा क्या थी? और उसने इसके लिए क्या किया ?

६) विजयपुरा में कौन-कौन-से स्थान देखने लायक हैं ?

७) मेहतर महल किस तरह बना ?

**IV. निम्न कथन किसने किससे कहा ? पाठ का नाम क्या है ?**

''सुबह-सवेरे जागते ही तुम सबसे पहले जिस आदमी को देखोगे उसे काफी धन देने से तुम्हारा कुष्ठ रोग दूर होगा।''

Not to be republished ©KTBS

**V. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

असंख्य, दर्शनीय, प्राचीर, खाई, दफ़नाना, हिदायत

**VI. विलोम रूप लिखिए :**

पश्चिम, पुराना, ज्यादा, नज़दीक, पवित्र

**VII. अन्य वचन रूप लिखिए :**

राजधानी, दिशा, देश, दीवार, समाधि, महल

**VIII. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

विख्यात, बसना, दर्शनीय, प्राचीर, दफ़नाना, कब्र

**योग्यता विस्तार:**

मंड्या जिले के श्रीरंगपट्टणा किले के बारे में जानकारी प्राप्त किजिए और कक्षा में चर्चा कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# भाषा-बोध

## संधि

दो निर्दिष्ट अक्षरों के पास पास आने के कारण उनके मेल से जो विकार होता है, उसे संधि कहते हैं।

संधि तीन प्रकार की है।

१) स्वर संधि　　२) व्यंजन संधि　　३) विसर्ग संधि

**स्वर संधि**

दो स्वरों के मेल से जो विकार होता है उसे स्वर संधि कहते हैं।

स्वर संधि के पाँच प्रकार हैं -

१) दीर्घ संधि　　२) गुण संधि　　३) वृद्धि संधि

४) यण संधि　　५) अयादि संधि।

(यहाँ पाठ्य हेतु ३ प्रकारों का विवरण दिया जा रहा है।)

यदि दो सवर्ण स्वर पास पास आवे तो दोनों मिलकर दीर्घ स्वर संधि होती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उदा:** | अ + अ = आ | राम | + अवतार | = | रामावतार |
| | अ + आ = आ | देव | + आलय | = | देवालय |
| | आ + अ = आ | विद्या | + अभ्यास | = | विद्याभ्यास |
| | आ + आ = आ | महा | + आशय | = | महाशय |
| | इ + इ = ई | गिरि | + इंद्र | = | गिरींद्र |
| | इ + ई = ई | गिरि | + ईश | = | गिरीश |

©KTBS Not to be republished

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ई | + | इ | = | ई | मही | + इंद्र | = | महींद्र |
| ई | + | ई | = | ई | जानकी | + ईश | = | जानकीश |
| उ | + | उ | = | ऊ | भानु | + उदय | = | भानूदय |
| उ | + | ऊ | = | ऊ | लघु | + ऊर्मि | = | लघूर्मि |
| ऊ | + | उ | = | ऊ | वधू | + उत्सव | = | वधूत्सव |
| ऊ | + | ऊ | = | ऊ | भू | + ऊर्जित | = | भूर्जित |

यदि अ, आ के आगे इ, ई रहे तो दोनों मिलकर ए; उ, ऊ रहे तो दोनों मिलकर ओ; और ऋ रहे तो अर हो जाता है। इस विकार को गुण संधि कहते हैं।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उदा : अ | + | इ | = | ए | देव | + इंद्र | = | देवेंद्र |
| अ | + | ई | = | ए | सुर | + ईश | = | सुरेश |
| आ | + | इ | = | ए | महा | + इंद्र | = | महेंद्र |
| आ | + | ई | = | ए | रमा | + ईश | = | रमेश |
| अ | + | उ | = | ओ | चंद्र | + उदय | = | चंद्रोदय |
| अ | + | ऊ | = | ओ | समुद्र | + ऊर्मि | = | समुद्रोर्मि |
| आ | + | उ | = | ओ | महा | + उत्सव | = | महोत्सव |
| अ | + | ऋ | = | अर | सप्त | + ऋषि | = | सप्तर्षि |
| अ | + | ऋ | = | अर | देव | + ऋषि | = | देवर्षि |

©KTBS Not to be republished

यदि अ, आ के आगे ए, ऐ हो तो दोनों मिलकर ऐ और ओ, औ रहे तो दोनों मिलकर औ होता है। इस विकार को वृद्धि संधि कहते हैं।

| | |
|---|---|
| उदा : अ + ए= ऐ | एक + एक = एकैक |
| आ + ए = ऐ | सदा + एव = सदैव |
| अ + ऐ = ऐ | मत + ऐक्य = मतैक्य |
| आ + ऐ = ऐ | महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य |
| अ + ओ = औ | जल + ओध = जलौध |
| आ + ओ = औ | महा + ओज = महौज |
| अ + औ = औ | परम + औषध = परमौषध |
| आ + औ = औ | महा + औषध = महौषध |

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ - १४

# परीक्षा

- प्रेमचंद

**आशय: आदमी अपने असली गुण को कितना भी छिपाने की कोशिश करे, वह किसी-न-किसी समय प्रकट हो ही जाता है। सच्चाई, ईमानदारी, मेहनत और साहस का फल हमेशा मीठा ही होता है।**

जब रियासत देवगढ़ के दीवान सरदार सुजानसिंह बूढ़े हुए, तो उन्हें परमात्मा की याद आयी। जाकर उन्होंने महाराज से विनय की, ''दीनबन्धु! दास ने श्रीमान की सेवा चालीस साल तक की; अब कुछ दिन परमात्मा की भी सेवा करने की आज्ञा चाहता है। दूसरे, अब मेरी अवस्था भी ढल गयी, राजकाज सँभालने की शक्ति नहीं रह गयी। कहीं भूल-चूक हो जाए, तो बुढ़ापे में दाग लगे सारी ज़िन्दगी की नेकनामी मिट्टी में मिल जाए।''

राजा साहब अपने अनुभवशील, नीतिकुशल दीवान का बड़ा आदर करते थे। उन्होंने बहुत समझाया, लेकिन जब दीवान साहब ने न माना, तो हारकर उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली ; पर शर्त यह लगा दी कि रियासत के लिए नया दीवान आप ही को खोजना पड़ेगा।

दूसरे दिन देश के प्रसिद्ध पत्रों में विज्ञापन निकला, 'रियासत देवगढ़ के लिए एक सुयोग्य दीवान की ज़रूरत है। जो सज्जन अपने को इस पद के योग्य समझें, वे वर्तमान दीवान सरदार सुजानसिंह की सेवा में उपस्थित हों। यह ज़रूरी नहीं है कि ग्रेजूएट हो, मगर उनका हृष्ट-पुष्ट होना आवश्यक है। मंदाग्नि के मरीजों को यहाँ तक आने का कष्ट उठाने की कोई ज़रूरत नहीं। एक महीने तक उम्मीदवारों की रहन-सहन, आचार-विचार की देखभाल की जाएगी। विद्या का कम, परन्तु कर्तव्य

©KTBS Not to be republished

का अधिक विचार किया जाएगा। जो महाशय इस परीक्षा में पूरे उतरेंगे, वे उच्च पद पर सुशोभित होंगे।'

(2)

इस विज्ञापन ने सारे मुल्क में हलचल मचा दी। ऐसा ऊँचा पद और किसी प्रकार की कैद नहीं, केवल नसीब का खेल है। सैकड़ों आदमी अपना-अपना भाग्य परखने के लिए चल खड़े हुए। देवगढ़ में नये और रंगबिरंगे मनुष्य दिखाई देने लगे। प्रत्येक रेलगाड़ी से उम्मीदवारों का एक मेला-सा उतरता; कोई पंजाब से चला आता था, तो कोई मद्रास से। कोई नये फ़ैशन का प्रेमी था, तो कोई पुरानी सादगी पर मिटा हुआ। पंडितों और मौलवियों को भी अपने-अपने भाग्य की परीक्षा करने का अवसर मिला। बेचारे सनद के नाम पर रोया करते थे, यहाँ उसकी कोई ज़रूरत ही न थी। रंगीन अमामे (पगडियाँ), चोगे और नाना प्रकार के अंगरखे और कनटोप देवगढ़ में अपनी सजधज दिखाने लगे। लेकिन सबसे विशेष संख्या ग्रजुएटों की थी, क्योंकि सनद की कैद न होने पर भी सनद से परदा तो ढका रहता है।



सरदार सुजानसिंह ने इन महानुभावों के आदर-सत्कार का बड़ा अच्छा प्रबन्ध कर दिया था। लोग अपने-अपने कमरों में बैठे हुए रोज़ेदार मुसलमानों की तरह महीने के दिन गिना करते थे। हर एक मनुष्य अपने जीवन को अपनी बुद्धि के अनुसार अच्छे रूप में दिखाने की कोशिश करता था। मिस्टर 'अ' नौ बजे दिन तक सोया करते थे, आजकल वे बगीचे में टहलते हुए उषा के दर्शन करते थे। मिस्टर 'ब' को हुक्का पीने की लत थी, पर आजकल बहुत रात गये,

©KTBS Not to be republished

किवाड़ बंद करके अँधेरे में सिगार पीते थे। मिस्टर 'द,' 'स', और 'ज' से उनके घरों के नौकरों की नाक में दम था, लेकिन ये सज्जन आजकल 'आप' और 'जनाब' के बगैर नौकरों से बातचीत नहीं करते थे। महाशय 'क' नास्तिक थे, 'हक्सले' के उपासक थे। मगर आजकल उनकी धर्मनिष्ठा देखकर मंदिर के पुजारी को पदच्युत हो जाने की शंका लगी रहती थी। मिस्टर 'ल' को किताबों से घृणा थी, परन्तु आजकल वे बड़े-बड़े धर्मग्रन्थ खोले पढ़ने में डूबे रहते थे। जिससे बातचीत कीजिये, वही नम्रता और सदाचार का देवता ही मालूम होता था। शर्मा जी बड़ी रात ही से वेद-मंत्र पढ़ने लगते थे और मौलवियों को तो नमाज़-तलावत के सिवा और कोई काम ही न था। लोग समझते थे कि एक महीने की झंझट है, किसी तरह काट लें; जो कहीं कार्य सिद्‌ध हो गया, तो कौन पूछता है।

लेकिन मनुष्यों का वह बूढ़ा जौहरी आड़ में बैठा हुआ देख रहा था कि इन बगुलों में हंस कहाँ छिपा हुआ है।

(3)

एक दिन इन फैशनवालों को सूझा कि आपस में हॉकी का खेल हो जाए। यह प्रस्ताव हॉकी के मंजे हुए खिलाड़ियों ने पेश किया। यह भी तो आख़िर विद्‌या है। इसे क्यों छिपा रखें? संभव है, कुछ हाथों की सफाई ही काम कर जाए।

चलिए, तय हो गया। कोर्ट बन गया, खेल शुरू हुआ, और गेंद किसी दफ्तर के अप्रेंटिस की तरह ठोकरें खाने लगी। रियासत देवगढ़ में यह खेल बिलकुल निराली बात थी। पढ़े-लिखे भलेमानुस शतरंज और ताश जैसे गंभीर खेल खेलते थे। दौड़-कूद के खेल बच्चों के खेल समझे जाते थे। खेल बड़े उत्साह के साथ जारी था। धावे से लोग जब गेंद लेकर तेज़ी से उड़ते, तो ऐसा जान पड़ता था कि कोई लहर बढ़ती चली आती है। लेकिन दूसरी ओर के खिलाड़ी इस बढ़ती हुई लहर को इस तरह रोक लेते थे, मानों लोहे की दीवार है।

©KTBS Not to be republished

संध्या तक यही धूम-धाम रही। लोग पसीने से तर हो गये। खून की गर्मी आँख और चेहरे से झलक रही थी। हाँफते-हाँफते बेदम हो गये, लेकिन हार-जीत का निर्णय न हो सका। अँधेरा हो गया था। इस मैदान से ज़रा दूर हटकर एक नाला था। उस पर कोई पुल न था। पथिकों को नाले में से चलकर आना पड़ता था।

खेल अभी बंद ही हुआ था और खिलाड़ी लोग बैठे दम ले रहे थे कि एक किसान अनाज से भरी हुई गाड़ी लिये उस नाले में आया। लेकिन कुछ तो नाले में कीचड़ था और कुछ चढ़ाई इतनी ऊँची थी कि गाड़ी ऊपर न चढ़ सकती थी। वह कभी बैलों को ललकारता, कभी पहिये को हाथों से ढकेलता, लेकिन बोझ तो अधिक था और बैल कमज़ोर थे। गाड़ी ऊपर को न चढ़ती और चढ़ती भी तो कुछ दूर चढ़कर फिर खिसककर नीचे पहुँच जाती। किसान बार-बार ज़ोर लगाता और बार-बार झुँझलाकर बैलों को मारता, लेकिन गाड़ी उभरने का नाम न लेती।



बेचारा इधर-उधर निराश होकर ताकता, मगर वहाँ कोई सहायक नज़र न आता था। गाड़ी को अकेला छोड़कर वह कहीं जा भी न सकता। बड़ी विपत्ति में फँसा हुआ था। इसी बीच में खिलाड़ी हाथों में डंडे लिये झूमते-झूमते उधर से निकले। किसान ने उनकी तरफ़ सहमी हुई आँखों

©KTBS Not to be republished

से देखा; परंतु किसी से मदद माँगने का साहस न हुआ। खिलाड़ियों ने भी उसको देखा, मगर बंद आँखों से, जिनमें सहानुभूति का नाम न था। उनमें स्वार्थ था, मद था, मत्सर था, उदासीनता थी; वात्सल्य का नाम तक न था।

(4)

लेकिन उसी समूह में एक ऐसा मनुष्य भी था, जिसके हृदय में दया थी और साहस था। आज हॉकी खेलते हुए उसके पैरों में चोट लगी हुई थी। लंगड़ाता हुआ वह धीरे-धीरे चला आता था। अकस्मात उसकी निगाह गाड़ी पर पड़ी। वह ठिठक गया। उसे किसान को देखते ही सब बात ज्ञात हो गयी। डंडा एक किनारे रख दिया, कोट उतार डाला और किसान के पास जाकर बोला, "तुम्हारी गाड़ी निकाल दूँ?"

किसान ने देखा कि एक गठे हुए बदन का लंबा आदमी सामने खड़ा है। डरकर बोला, "हुजूर, मैं आपसे कैसे कहूँ?"

युवक ने कहा, "मालूम होता है, तुम यहाँ बड़ी देर से फँसे हुए हो। अच्छा, तुम गाड़ी पर जाकर बैलों को साधो ; मैं पहियों को ढकेलता हूँ, अभी गाड़ी ऊपर आती है।"

किसान गाड़ी पर जा बैठा, युवक ने पहियों में ज़ोर लगाकर खिसकाया। कीचड़ बहुत ज्यादा था। वह घुटने तक ज़मीन में गड़ गया। लेकिन उसने हिम्मत न हारी। उसने फिर ज़ोर किया, उधर किसान ने बैलों को ललकारा, बैलों को सहारा मिला, उनकी भी हिम्मत बँध गयी, उन्होंने कंधे झुकाकर एक बार जो ज़ोर दिखाया, बस, गाड़ी नाले के ऊपर थी।

किसान युवक के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया और बोला, "महाराज! आपने आज मुझे उबार लिया। नहीं तो, सारी रात यहीं बैठना पड़ता।"



©KTBS Not to be republished

युवक ने हँसकर कहा, "अब, मुझे कुछ इनाम देते हो ?"

किसान ने गंभीर भाव से कहा, "नारायण चाहेंगे तो दीवानी आपको ही मिलेगी।"

युवक ने किसान की तरफ गौर से देखा। उसके मन में एक संदेह हुआ, क्या यह सुजानसिंह तो नहीं हैं ? आवाज़ मिलती है, चेहरा-मुहरा भी वही है। किसान ने उसकी ओर तीव्र दृष्टि के साथ देखा। शायद उसके दिल के संदेह को भाँप गया। मुस्कुराकर बोला, "गहरे पानी में पैठने से ही मोती मिलता है।"

## (5)

निदान, महीना पूरा हुआ। चुनाव का दिन आ पहुँचा। उम्मीदवार लोग प्रातःकाल से ही अपनी-अपनी क़िस्मत का फैसला सुनने के लिए उत्सुक थे। दिन काटना पहाड़ हो गया, प्रत्येक के चेहरे पर आशा और निराशा के रंग आते थे। नहीं मालूम आज किसके नसीब जागेंगे, न जाने किस पर लक्ष्मी की कृपादृष्टि होगी। संध्या समय राजा साहब का दरबार सजाया गया। शहर के रईस और धनाढ्य लोग, राजा के कर्मचारी और दरबारी और दीवानी के उम्मीदवार, सब रंग-बिरंग की सज-धज बनाये दरबार में आ विराजे।


तब सरदार सुजनसिंह ने खड़े होकर कहा, "मेरे दीवानी के उम्मीदवार महाशयो, मैंने आप लोगों को जो कुछ कष्ट दिया हो, उसके लिए क्षमा कीजिए। मुझे इस पद के लिए ऐसे पुरुष की आवश्यकता थी, जिसके हृदय में दया हो और साथ ही साथ आत्मबल भी हो। हृदय वही है जो उदार हो, आत्मबल वही है जो आपत्ति का वीरता के साथ सामना करे। और इस रियासत के सौभाग्य से हमको ऐसा पुरुष मिल गया। ऐसे गुणवाले संसार में कम हैं और जो हैं, वे कीर्ति और मान के शिखर पर बैठे हुए हैं। उन तक हमारी पहुँच ही नहीं। मैं रियासत को पंडित जानकीनाथ-सा दीवान पाने पर बधाई देता हूँ।"

©KTBS Not to be republished

रियासत के कर्मचारियों और रईसों ने पं. जानकीनाथ की तरफ देखा, उम्मीदवारों के दल की आँखें उधर उठीं, मगर उन आँखों में सत्कार था, और इन आँखों में ईर्ष्या थी।

सरदार साहब ने फ़रमाया, "आप लोगों को यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति न होगी कि जो पुरुष स्वयं जख्मी होने पर भी एक गरीब किसान की भरी हुई गाड़ी को दलदल से निकालकर नाले के ऊपर चढ़ावे, उसके हृदय में साहस, आत्मबल और उदारता का वास है। ऐसा आदमी गरीबों को कभी न सतावेगा। उसका संकल्प दृढ़ है, जो उसके चित्त को स्थिर रखेगा। वह चाहे धोखा खा जाए, परंतु दया और धर्म के मार्ग से कभी न हटेगा।''

**लेखक परिचय**



प्रेमचंद जी का जन्म सन् १८९० में उत्तरप्रदेश के लमही गाँव में हुआ। आप के बचपन का नाम धनपतराय था। आप उर्दू में नवाबराय और हिंदी में प्रेमचंद के नाम से लिखते रहे। आप हिंदी के सर्वाधिक लोकप्रिय साहित्यकार हैं। आपने तीन सौ से ज्यादा कहानियाँ लिखी हैं। ये कहानियाँ 'मानसरोवर' के आठ भागों में संकलित हैं।

इनकी पहली कहानी 'संसार का सबसे अनमोल रत्न' है। गोदान, निर्मला, सेवासदन, वरदान, प्रेमाश्रम, प्रतिज्ञा, रंगभूमि, कर्मभूमि, गबन आदि आपके उपन्यास हैं। सन् १९३६ में प्रेमचंद स्वर्ग सिधार गये।

**शब्दार्थ :**

रियासत-राज्य, दीवान-प्रधानमंत्री, कैद-बंधन, नेकनामी-प्रसिद्धि, मरीज़-रोगी, हलचल-दौडधूप, शोरगुल; नसीब-भाग्य, किस्मत; सनद-प्रमाणपत्र, सर्टिफिकेट; चोगा-घुटनों तक का लंबा कुर्ता, अंगरखा-अचकन, एक प्रकार का वस्त्र जिसमें बाँधने के लिए बंद लगे रहते हैं, झंझट-कठिनाई,

©KTBS Not to be republished

मुसीबत; झुंझलाना-खीजना, चिढ़ना; भाँपना-पहचानना, फ़रमाना-कहना, मंदाग्नि- अजीर्ण, कब्ज।

**मुहावरे :**

दाग लगना-कलंक लगना; बदनाम होना

मिट्टी में मिलना-नष्ट होना; बर्बाद होना

नाक में दम करना - खूब सताना या कष्ट देना

**टिप्पणी :-**

१) 'बगुलों में हंस छिपा रहना' - अनेक अयोग्य व्यक्तियों में किसी एक योग्य व्यक्ति का छिपा रहना ।

२) 'गहरे पानी में पैठने से ही मोती मिलता है' - बहुत प्रयत्न करने के बाद ही हमें अपनी इच्छित वस्तु प्राप्त होती है।

## अभ्यास

©KTBS Not to be republished

**I. मौखिक प्रश्न :**

१. रियासत देवगढ़ से कौन निवृत्त होना चाहते थे?

२. दीवान सुजानसिंह क्यों निवृत्त होना चाहते थे?

३. राजा साहब ने दीवान से किसे ढूँढ़ने के लिए कहा ?

४. दीवान सुजानसिंह ने दीवानी पद के लिए किसे चुना?

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) रियासत देवगढ़ के दीवान का नाम क्या था?

२) दीवान में कौन-से गुण थे?

३) रियासत देवगढ़ को किसकी ज़रूरत थी?

४) उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा संख्या किन लोगों की थी?

५) उम्मीदवार कौन-सा खेल खेलने लगे ?

६) नाले में क्या फँस गया था?

७) किसान की मदद किसने की ?

८) दीवान किसे चुना गया?

**III. संक्षेप में उत्तर लिखिए :**

१) दीवान सरदार सुजानसिंह ने महाराज से क्या प्रार्थना की और क्यों?

२) विज्ञापन के कारण देवगढ़ में कैसा वातावरण छा गया?

३) विज्ञापन में दीवान-पद के लिए किन-किन गुणों का उल्लेख किया गया था?

४) फैशनवालों ने खेलने के लिए किस खेल को चुना और क्यों?

५) नाले से गाड़ी निकालने में किसने मदद की और उसका फल क्या हुआ?

**IV. किसने किससे कहा ? पाठ का नाम क्या है ?**

१) "मैं तुम्हारी गाड़ी निकाल दूँ?"

२) "नारायण चाहेंगें तो दीवानी आपको ही मिलेगी।"

३) "गहरे पानी में पैठने से ही मोती मिलता है।"

**V. विलोम रूप लिखिए :**

उपस्थित, नास्तिक, वीरता, सज्जन, स्वार्थ

**VI. इनके पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

मरीज़, नसीब, लत, अनाज, दफ्तर, अवस्था

©KTBS Not to be republished

**VII. पाठ से शब्द-युग्मों को पहचानकर लिखिए:**

**जैसे: हृष्ट - पुष्ट**

१. भूल - .................

२. रहन - .................

३. आचार - .................

४. आदर - .................

५. नमाज़ - .................

६. पढ़े - .................

७. दौड़ - .................

**VII. 'हुक्का' पीने की लत बुरी है। इसी प्रकार और कौन-सी आदतें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं - उनकी सूची लिखिए।**

**योग्यता विस्तार:**

* मुसलमान रमज़ान के महीने में रोज़ा रखते हैं। इस त्योहार के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।
* हंस पक्षी के विशेष गुणों के बारे में जानिए।

©KTBS Not to be republished

# भाषा-बोध

**मुहावरे और उनका अर्थ :**

| | | |
|---|---|---|
| १) अंगूठा दिखाना | - | इनकार करना |
| २) अंधा-धुंध | - | बिना सोचे-समझे |
| ३) अक्ल का अंधा | - | महा मूर्ख |
| ४) कमर सीधी करना | - | आराम करना |
| ५) कलेजा मुँह को आना | - | बहुत घबरा जाना |
| ६) ख़ून पानी होना | - | व्यर्थ तकलीफ पहुँचना |
| ७) गप-शप मारना | - | बेकार की बातें करना |
| ८) चोर पर मोर पड़ना | - | भारी पड़ना |
| ९) मरे को मारना | - | सताये हुए को और सताना |
| १०) हवा से बातें करना | - | बहुत तेज़ी से चलना |

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन

## शिष्टाचार का महत्व

शिष्टाचार का अर्थ है-शिष्ट आचरण। शिष्ट का अर्थ है-अच्छा और आचरण का अर्थ है-काम करने का ढंग या व्यवहार। अच्छे व्यवहार को शिष्टाचार कहते हैं।

विनम्रता शिष्टाचार की पहली शर्त है। माता-पिता व शिक्षकों का सदा आदर करना चाहिए। उनके साथ विनम्रता का व्यवहार करना चाहिए। जब कोई बड़ा आदमी मिले तो उसका आदरपूर्वक अभिवादन करना चाहिए। बात करते समय 'जी हाँ' तथा 'जी नहीं' कहकर उत्तर देना चाहिए। बड़ों को केवल 'हाँ' या 'ना' कहना अशिष्टता है।

दो व्यक्ति आपस में बातें कर रहे हों, तो उनके बीच में बोलना भी अशिष्टता है। आयु में अपने से बड़े लोगों को हमेशा 'आप' कहकर संबोधित करना चाहिए। 'तुम' शब्द का केवल प्रयोग अपने बराबर वालों या अपने से छोटों के लिए ही किया जाता है।

किसी का नाम लिखते समय उसके पहले 'श्रीमान्', 'श्रीमती' या 'कुमारी' लगाना चाहिए। नाम के अंत में 'जी' लगाकार भी दूसरों के प्रति सम्मान प्रकट किया जा सकता है।

यदि कोई हमारे लिए कोई काम करे, तो उसका आभार मानना चाहिए। उसका आभार 'धन्यवाद' कहकर प्रकट किया जा सकता है। यदि हमसे कोई भूल हो जाए तो 'क्षमा कीजिए' कहकर अपनी भूल पर खेद प्रकट किया जा सकता है।

विनम्रता केवल वाणी में ही नहीं, व्यवहार में भी होना चाहिए। बड़ों की परवाह न करना, उनके सामने ठहाका लगाकर हँसना और उनसे जिद करना अशिष्टता है। बिना पूछे दूसरों की चीज़ें छूना या दूसरों के निजी पत्र पढ़ना भी अशिष्टता है।

©KTBS Not to be republished

किसी के घर या कमरे में प्रवेश करते समय दरवाज़ा खटखटाना चाहिए और पूछना चाहिए कि, "क्या मैं अंदर आ सकता हूँ?" यदि आप ऐसा नहीं करते तो आप अशिष्टता का परिचय देते हैं।

'अनुशासन' शिष्टाचार का आधार है। समाज के नियमों और कानूनों का पालन करना चाहिए । पूजा-स्थल में जूते उतारकर ही प्रवेश करना चाहिए। सड़क पर नहीं खेलना चाहिए। अपना हर काम समय पर करना चाहिए। किसी काम को करने में आलस नहीं दिखाना चाहिए।

इसी प्रकार किसी की खिल्ली उड़ाना भी अशिष्टता है। पीठ पीछे किसी की निंदा करना भी अशिष्टता है। महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना शिष्ट आचरण का उदाहरण है। सहनशील व्यक्ति स्वभाव से ही शिष्ट होता है। अतः सहनशीलता का गुण धारण करना चाहिए।

**प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१. शिष्टाचार का अर्थ क्या है?

२. किन-किनके साथ विनम्रता का व्यवहार करना चाहिए?

३. 'आप' और 'तुम' का प्रयोग कब करना चाहिए?

४. आभार तथा भूल कैसे प्रकट किया जा सकता है?

५. अनुशासन का पालन कैसे कर सकते हैं?

६. सहनशीलता का गुण किसलिए धारण करना चाहिए?

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १५

## सूरदास के पद

-सूरदास

**आशयः कवि सूरदास जी के अनुसार ईश्वर की कृपा से सभी असंभव कार्य संभव हो सकते हैं। यहाँ कृष्ण की बाल-क्रीड़ाओं का भी वर्णन किया गया गै।**

१. चरण-कमल बंदौ हरि-राई।

जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अँधे को सब कछु दरसाई।

बहिरौ सुनै, मूक पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई।

'सूरदास' स्वामी करुणामय, बार बार बन्दौ तिहि पाई ।।



© KTBS Not to be republished

२. जसोदा हरि पालनै झुलावै

हलरावै दुलराई मल्हावै, जोइ सोइ कछु गावै।

मेरे लाल को आवै निदरिया, काहे न आनि सुवावै।

तु काहे नहिं बेगहिं आवै, तोको कान्ह बुलावै।

कबहुँक पलक हरि मूँदि लेत हैं, कबहुँ अधर फरकावै।

इहि अंतर अकुलाई उठे हरि, जसुमति मधुरै गावै।

जो सुख सूर अमर-मुनि दुरलभ सो नंद भामिनी पावै।

## कवि परचिय



सूरदास का जन्म सन् १४७८ में दिल्ली के पास सीही नामक ग्राम में सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनका आवास स्थान रुनकता ग्राम बताया जाता है। कहा जाता है कि वे जन्मांध थे। सूरदास भक्तिकालीन कृष्णभक्ति शाखा के प्रमुख कवि थे। सूर-काव्य का मुख्य विषय श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावात्मक चित्रण है। वल्लाभाचार्य जी ने इन्हें ''अष्टछाप'' नामक कृष्ण भक्त समाज में सम्मिलित किया, जिसमें इन्हें उच्चतम स्थान प्राप्त था। सूरदास की कृतियाँ सूरसागर, सूर सारावली और साहित्य लहरी हैं। इनकी रचनाओं में सर्वत्र ब्रज भाषा का प्रयोग है।

**शब्दार्थ :**

बंदौ - वंदना करना, जाकी-जिसकी, पंगु-लंगड़ा, मूक-गूँगा, रंक-भिखारी, तिहि-उनकी, पाई-पाँव, चरण; हरि-कृष्ण, हलरावै-झुलाना, मल्हावै-पुचकारना, दुलराई-दुलारना, प्यार करना; अधर-होंठ, इहि अंतर-इसी बीच, अकुलाई-व्याकुल हो, नंद भामिनी-यशोदा।

©KTBS Not to be republished

१) **संदर्भ :** प्रस्तुत अंश सूरदास द्वारा रचित है। यह 'सूरसागर' के विनय संबंधी पदों से गृहीत है। यह भक्तिपरक पद है।

**भावार्थ -** कवि ने श्री हरि (कृष्ण) की महिमा का गान करते हुए कहा है कि जिस पर श्री हरि की कृपा हो जाती है उसके लिए असंभव भी संभव हो जाता है। लूला-लंगड़ा मनुष्य भी पर्वत को लाँघ सकता है। अंधे को सब कुछ देखने की क्षमता प्राप्त हो जाती है। बहरा सुनने लगता है। गूँगा बोलने लगता है। कंगाल (भिक्षुक) भी राज-छत्र धारण कर लेता है। ऐसे करुणामय प्रभु श्री कृष्ण की चरण वंदना कौन नहीं करेगा? अर्थात् श्री हरि की स्तुति हर व्यक्ति बार-बार करेगा।

२) **संदर्भ :** प्रस्तुत पद सूरदास रचित 'सूरसागर' के बालकृष्ण की लीला संबंधी पदों से गृहीत है।

**भावार्थ :** सूरदास जी ने बालकृष्ण की चेष्टाओं का वर्णन करते हुए कहा है कि माता यशोदा हरि (श्याम) को पालने में झुला रही हैं। कभी झुलाती हैं, कभी प्यार से पुचकारती हैं, कुछ गाती हैं। वे गाती हुई कहती हैं कि 'हे निद्रा देवी! तू शीघ्र मेरे लाल के पास आ जा और उन्हें सुला दे। तू शीघ्र क्यों नहीं आती? तुझे कान्हा बुला रहे हैं।' कृष्ण कभी पलकें मूँद (बंद) लेते हैं तो कभी पलक झपकाते हैं, कभी होंठ हिलाते हैं। इसी बीच कृष्ण व्याकुल होकर जाग जाते हैं। माता पुनः उन्हें सुलाने का प्रयत्न करने लगती है। सूरदास कहते हैं कि जो सुख देवताओं और मुनियों को भी दुर्लभ है वही सुख कृष्ण के बाल रूप में उनकी चेष्टाओं को देखकर नंद भामिनी (यशोदा) प्राप्त कर रही हैं। अर्थात् कृष्ण की बाल लीलाओं को देख यशोदा मैया को परमानंद का अनुभव प्राप्त हो रहा है।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न:**

१) हरि की कृपा से लंगड़ा क्या कर सकता है ?

२) सिर पर छत्र कौन धारण करता है ?

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१) सूरदास ने किस करुणामय की वंदना की है?

२) माता यशोदा किसे सुला रही हैं ?

३) माता किसे शीघ्र बुला रही हैं ?

४) नंद भामिनी कौन है ?

**III. प्रस्तुत पद्य के आधार पर हरि की बाल चेष्टाओं का वर्णन कीजिए।**

**IV. भावार्थ लिखिए:**

चरण कमल..........तिहि पाई।

**V. शब्दों की खड़ीबोली रूप लिखिए:**

जैसे: जाकी - जिसकी

१. कछु -

२. पुनि -

३. तिहि -

४. जसोदा -

५. काहे -

६. कान्ह -

© KTBS Not to be republished

**VI. हरि की वंदना बहुत सारे करते हैं। आप प्रतिदिन किस किसकी वंदना करते हैं? वंदना करने के दो-दो कारण लिखिए।**

**VII. पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

१. कृपा -

२. गिरि -

३. लाल -

४. बेग -

५. अधर -

६. भामिनी -

**योग्यता विस्तार :**

सूरदास के समकालीन कवियों और उनकी कृतियों की एक सूची बनाइए।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ - १६

# लोकमान्य बालगंगाधर तिलक

**- संकलित**

**आशय : भारत देश में अनेक देशभक्तों का जन्म हुआ जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने में अपना योगदान दिया। उनमें से एक हैं लोकमान्य तिलक जी। इस पाठ द्वारा तिलक जी की देशभक्ति का परिचय प्राप्त होता है।**

©KTBS Not to be republished

"स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है, उसे मैं लेकर रहूँगा।"- इस नारे को बुलंद करने वाले हमारे नेता थे लोकमान्य बालगंगाधर तिलक। तिलक का जन्म २३ जुलाई, सन् १८५६ में रत्नगिरि जिले के चिखली गाँव में हुआ था। उनके पिता गंगाधर पंत संस्कृत के अध्यापक थे और स्वाध्याय-प्रेमी थे। उन्होंने तिलक के चरित्र निर्माण और शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दिया। तिलक पढ़ाई-लिखाई में तेज़ और अपनी धुन के पक्के थे। वे इतने तेज़ थे कि गणित के प्रश्नों के उत्तर प्राय: मौखिक दिया करते थे।

गंगाधर पंत तिलक को घर पर संस्कृत पढ़ाते थे। संस्कृत के श्लोक सिखाने का उन्होंने एक अनोखा ढंग अपनाया था। वे एक कागज के टुकड़े पर संस्कृत का श्लोक लिखकर एक पैसा रख देते थे। जब तिलक इस श्लोक को याद कर लेते तो वह पैसा उनको मिल जाता। तिलक ने इस तरह बहुत-से संस्कृत के श्लोक याद कर लिए थे।

एक दिन की बात है, गंगाधर पंत संस्कृत की एक प्रसिद्ध पुस्तक बाणभट्ट की 'कादंबरी' पढ़ रहे थे। तिलक की भी इच्छा उसे पढ़ने

की हुई। उन्होंने पिता से वह पुस्तक माँगी। पिता को आश्चर्य हुआ। तिलक की परीक्षा लेने के लिए उन्होंने कहा- ''मैं गणित का एक प्रश्न देता हूँ। यदि तुम उसे हल कर दोगे तो तुम्हें यह पुस्तक पढ़ने के लिए दे दूँगा।''

गणित का प्रश्न जटिल था। वे दिन भर उस प्रश्न का हल करते रहे। शाम को जब उनके पिता टहलकर वापस लौटे तब उन्होंने उस हल किए प्रश्न को दिखाया। पिता ने प्रसन्न होकर बाणभट्ट की 'कादंबरी' उन्हें पढ़ने को दे दी।

कानून की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने मित्रों की सहायता से पुणे में 'न्यू इंग्लिश स्कूल' की स्थापना की। एक साल बाद अपने मित्र गोपाल गणेश अगरकर की मदद से 'केसरी' तथा 'मराठा' नाम के दो समाचार पत्र निकाले। उन्होंने अपने इन समाचार पत्रों को निर्भीकता से लिखा तथा सरकार को खूब फटकारा। तिलक पर मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने उन्हें छह साल की कड़ी सज़ा सुनाई। न्यायाधीश के सामने उन्होंने निर्भीकता से कहा - "मुझे भले ही दोषी ठहराया जाए, लेकिन मेरा विश्वास है कि अंग्रेज़ों को एक दिन भारत से जाना होगा। सरकार के अन्याय के आगे सिर झुकाना मैं पाप समझता हूँ। स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर ही रहूँगा।" सरकार ने उन्हें मांडले (रंगून) की जेल भेज दिया। यहाँ छह वर्षों की कैद में उन्होंने 'गीतारहस्य' नाम का एक महान ग्रंथ लिखा।

देश को स्वतंत्र करना उनका लक्ष्य था। एक बार एक सज्जन ने उनसे पूछा - "जब स्वराज्य होगा तब भारत के मंत्रीमंडल में आप क्या बनना पसंद करेंगे? प्रधानमंत्री या गृहमंत्री?"

©KTBS Not to be republished

तिलक ने कहा - "मुझे अपने देश को आज़ाद कराना है। देश को स्वराज्य मिल जाए, देश की जनता देश को आगे बढाए। मैं कहीं भी गणित का अध्यापक बनकर देश की सेवा करना पसंद करूँगा।"

1 अगस्त सन् १९२० को मुंबई में उनकी मृत्यु हुई। शोक के इस अवसर पर राष्ट्रपिता गाँधीजी ने कहा - "तिलक जी का हिंदुस्तान से, हिंदुस्तान की जनता से और हिंदुस्तान की जनता का उनसे अटूट प्रेम था। स्वराज्य का जितना जप उन्होंने किया, उतना किसी और ने नहीं किया।"

**शब्दार्थ:**

नारा-एक सामूहिक आवाज़, घोष; चरित्र निर्माण-अच्छे आचरण की रचना, तेज़-होशियार, अनोखा-विचित्र, अद्भुत; जटिल-कठिन, मदद-सहायता, फटकारना-जोर से डाँटना, कड़ी-सख्त, दोषी-अपराधी, स्वराज्य-स्वाधीनता, जन्मसिद्ध-जन्म से प्राप्त, शोक-दुख, अटूट- न टूटनेवाला, अविरत, मजबूत।

**महावरा:** धुन के पक्के - परिपक्व विचारवाले

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न:**

१. बाल गंगाधर तिलक का जन्म कहाँ हुआ?

२. 'कादंबरी' के लेखक कौन थे?

३. तिलक जी का देहांत कब हुआ?

©KTBS Not to be republished

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१. तिलक जी का जन्म कब हुआ ?

२. तिलक जी के पिताजी का नाम क्या था?

३. गणित का प्रश्न कैसा था?

४. न्यायाधीश ने तिलक जी को कितने सालों की सज़ा सुनाई?

**III. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

१. बालगंगाधर तिलक ने कानून की परीक्षा के बाद क्या-क्या किया?

२. तिलक जी के पिताजी के बारे में लिखिए।

३. तिलक जी को श्लोक याद कराने के लिए उनके पिताजी क्या करते थे?

४. तिलक जी की परीक्षा लेने के लिए उनके पिताजी ने क्या कहा?

५. न्यायाधीश के सामने तिलक जी ने निर्भीकता से क्या कहा?

६. तिलक जी ने किसी एक सज्जन के प्रश्न का क्या उत्तर दिया?

७. तिलक जी के बारे में राष्ट्रपिता गाँधीजी का क्या कहना था?

**IV. खाली जगह भरिए:**

१. गंगाधर पंत ............. के अध्यापक थे।

२. तिलक ............. में तेज़ थे।

© KTBS Not to be republished

३. पिता ने ............... होकर बाणभट्ट की पुस्तक पढ़ने को दे दी।

४. स्वराज्य मेरा ............ अधिकार है।

५. सरकार ने तिलक जी को ........... की जेल में भेज दिया।

**V. वाक्य बनाइए:**

१. स्वाध्याय

२. प्रसिद्ध

३. विश्वास

४. मुकदमा

**VI. विलोम शब्द लिखिए:**

१. जन्म X

२. जटिल X

३. सज्जन X

४. प्रश्न X

५. आज़ाद X

©KTBS Not to be republished

**VII. पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

१. स्वतंत्र - ________

२. पिता - ________

३. मित्र - ________

४. मृत्यु - ________

५. हिंदुस्तान - ________

**VIII. इन शब्दों के दो अलग अर्थ हैं। अर्थ समझकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए:**

१. तेज़: ________________________________________

________________________________________

२. हल: ________________________________________

________________________________________

३. दो: ________________________________________

________________________________________

©KTBS Not to be republished

**VIII. गंगाधर पंत जी संस्कृत के अध्यापक थे। आपके स्कूल में किन-किन विषयों के अध्यापक हैं और उनके नाम क्या हैं? - सूची बनाइए:**

| विषय | अध्यापक |
| --- | --- |
| | |

**योग्यता विस्तार:**

बाणभट्ट संस्कृत के प्रसिद्ध साहित्यकार थे। इसी प्रकार हिंदी के कुछ प्रसिद्ध साहित्यकारों की सूची बनाइए।

*****

©KTBS Not to be republished

## पाठ - १७

# पन्ना धाय का त्याग

- बालशौरि रेड्डी

**आशय : पन्ना धाय एक ऐसी महिला थी जो अपनी निष्ठा एवं त्याग के लिए प्रसिद्ध थी। इस एकांकी द्वारा पन्ना धाय के महान् गुणों का परिचय कराया जा रहा है।**

पन्ना - धाय

बाँदी - नौकर

उदय सिंह - संग्राम सिंह का पुत्र

बनवीर - मेवाड़ का राजा

पन्ना का बेटा

(दाई पन्ना राजकुमार उदय सिंह को सुला रही है। इतने में बाँदी आकर समाचार देता है कि राजकुमार को मारने के लिए बनवीर हाथ में तलवार लिए चला आ रहा है। दाई पन्ना राजकुमार को बचाने के प्रयत्न में लग जाती है।)

पन्ना - (बाँदी को पास बुलाकर) बाँदी ! बाँदी ! इधर आओ तो।

बाँदी - क्या आज्ञा है, माँ !

पन्ना - उदयकुमार के कपड़े उतारकर मेरे बेटे को पहना दो !

बाँदी - जो आज्ञा, माई !

(उदय के कपड़े उतारकर पन्ना के लड़के को पहनाता है।)

©KTBS Not to be republished

पन्ना - जल्दी एक टोकरी लाओ, उसमें थोड़े-से पत्तल भी बिछा दो।

बाँदी - (टोकरी लिए आता है।) माई जी, लीजिए।


पन्ना - उसमें कपड़े बिछाकर उदय को लिटा दो।

बाँदी - (कपड़े बिछाकर उदय को टोकरी में लिटा देता है।) माई, ऊपर कुछ पत्तल डाल दूँ। वरना सब कोई शक करेंगे।

पन्ना - हाँ, हाँ, तुमने ठीक कहा। जल्दी करो, बनवीर के आने का वक्त हो रहा है।

बाँदी - (टोकरी में उदय पर कुछ पत्ते ढँक देता है।) तो माई,क्या मैं चल दूँ?

पन्ना - कहाँ पर ले जाओगे ?



बाँदी - जहाँ ले जाने को आप कहेंगी।

पन्ना - राजकुमार के साथ नमकहरामी नहीं करोगे न।

बाँदी - माई जी, मेरे शरीर में प्राण रहते कभी ऐसा नहीं करूँगा।

पन्ना - बाँदी ! देखो, इस वक्त मेवाड़ के राजकुार अनाथ हैं। उनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। राजभक्ति सबसे बड़ी चीज़ होती है।

बाँदी - माई जी, हम पीढ़ी दर पीढ़ी राजाओं की सेवा करते आ रहे हैं। हमने कभी विश्वासघात नहीं किया है।

©KTBS Not to be republished

पन्ना - बाँदी, तुम पर मेरा विश्वास है।



बाँदी - तो आज्ञा दीजिए, माई जी !

पन्ना - तुम गुप्त द्वार से चले जाओ और नदी के किनारे टोकरी लिए मेरा इंतज़ार करो। लेकिन याद रखना कि यह खबर हम दोनों के सिवा तीसरे के कान न पहुँचे।

बाँदी - अच्छी बात है, माई ! अब मैं चलता हूँ। देरी होने से खतरा है। बनवीर आते ही होंगे।

पन्ना - अच्छा, चलो ! राजकुमार को कोई तकलीफ़ न हो।

बाँदी - अच्छा, माई जी !

(चलने लगता है। पन्ना एक बार टोकरी की तरफ, फिर बाँदी की ओर देखती है। बाँदी सर झुकाकर नमस्कार करके चल देता है।)

पन्ना - (मन में) बदमाश बनवीर आता ही होगा। वह नमकहराम कृतघ्न है।

(इतने में कुछ दूर पर बनवीर के आने की आहट सुनाई देती है। पन्ना पालने के पास पहुँचकर एक बार अपने बेटे को प्यार भरी नज़र से देखती है। फिर कपड़ा ढँककर पालना झुलाने लगती है। इतने में बनवीर द्वार तक पहुँचता है।)

©KTBS Not to be republished

बनवीर - (कड़कती आवाज़ में) पन्ना, राजकुमार कहाँ है ?

पन्ना - (पालने की ओर संकेत करते हुए) देख तो रहे हो। लेकिन इस अबोध शिशु ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है, बनवीर!

बनवीर - इसका जवाब मेरी यह तलवार देगी। तुम्हें समझाने की ज़रूरत है। हम नहीं समझते। आखिर तुम कौन हो यह पूछनेवाली? एक दासी की महाराजा के सामने बोलने की हिम्मत !

पन्ना - बनवीर, सावधानी से बोलो।

बनवीर - वरना क्या करोगी ?

पन्ना - तुम्हें क्या करना है ? शर्म नहीं आती ? एक नारी का अपमान करना नीचता है।

बनवीर - ज्यादा बकवास करोगी तो तुम्हारा काम भी तमाम कर दूँगा। दिखाओ, उदय कहाँ है ?

पन्ना - उदय ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा ?

बनवीर - मैं सारे राजपरिवार का संहार करके आराम की नींद लेना चाहता हूँ। अभी मुझे भय बना रहता है कि उदय के बड़े होने पर वह अपना राज्य वापस लेगा। इसलिए मुझे रात-दिन चैन ही नहीं है।

पन्ना - यह राज्य तो उदय का है। उसको ही मिलना चाहिए। स्वामी-द्रोह करना पाप है न बनवीर ?

बनवीर - (हँसते हुए) स्वामी-द्रोह ! मैंने राज्य को इतने दिनों से

Not to be republished ©KTBS

दुश्मनों के हमलों से बचाया और इसे बढ़ाया। अब यह राज्य उदय का है ? यह कहाँ की नीति है ? यदि उसीका राज्य है तो वह आकर बचा ले।

पन्ना - वह बच्चा है। अभी पौधा है। बढ़कर सब कुछ करेगा। तुम तो उसकी ओर से राज्य चला रहे हो। वह तुम्हारा भी स्वामी है।

बनवीर - न वह मेरा स्वामी है न बन ही सकता है। मैं अभी उस पौधे को तोड़ देना चाहता हूँ। बढ़ कर पेड़ होने पर तोड़ देना मुश्किल है।

पन्ना - नीच कहीं का ! तुम्हारे मुँह से ये बातें कैसे निकल रही हैं ! जिसका राज्य भोग रहे हो, उसीको मारने पर तुले हुए हो!

तुमसे पशु अच्छे हैं।

बनवीर -(गरजकर) जानती हो, तुम किससे बात कर रही हो ! मैं इस समय महाराज हूँ। तुम दासी, केवल दासी हो।

पन्ना - जानती हूँ, खूब जानती हूँ। मैं एक कायर से, एक नीच से बात कर रही हूँ।

बनवीर - (गुस्से से) क्या कहा ? मैं कायर हूँ, नीच हूँ ?

पन्ना - (धीरता से) हाँ, हाँ ! मैं अब भी कहती हूँ। सच्चे क्षत्रिय कभी कमज़ोरों पर हथियार या हाथ नहीं चलाते। नीच इसलिए हो कि तुम ऐसा विश्वासघात करने जा रहे हो।

©KTBS Not to be republished

बनवीर - लगता है, तुम्हारा हौसला बढ़ता जा रहा है। अभी उसे ठंडा कर देता हूँ। बताओ, उदय कहाँ है?

पन्ना - (नर्म होकर) बनवीर, उस पर दया करो, वह अबोध बच्चा है। मैं तुम्हारे पैर पड़ती हूँ।

बनवीर -हूँ ! दया नामक कोई चीज़ मेरे दिल के भीतर है ही नहीं। मैं सिर्फ अपने सुख और आराम की बात जानता हूँ। मैं अपना भविष्य बना लेना चाहता हूँ।

(यह कहकर बनवीर उदय की ओर नंगी तलवार लिए आगे बढ़ता है। पन्ना रास्ता रोके खड़ी हो जाती है। बनवीर उसे ढकेलकर पालने के नज़दीक पहुँच जाता है। उदय को सोते देख तलवार उठाने लगता है।)

पन्ना - (रोकते हुए) बनवीर, उदयकुमार अनाथ है। उसकी रक्षा करो। जिंदगी भर तुम्हारा नाम जपा करूँगी।

बनवीर - वाह, कोई ऐसा भी मूर्ख है जो हाथ लगे शिकार को छोड़ देता है? अभी मैं एक झटके में उदय को खतम कर सकता हूँ। इसके बड़े होने पर तो भयंकर लड़ाई करनी पड़ेगी। इस मौके को मैं कैसे हाथ से जाने दूँगा ?

पन्ना - लेकिन याद रखो कि तुम्हारा नाम इतिहास में हमेशा के लिए कलंकित ही रहेगा।

बनवीर - उसकी कौन परवाह करता है ? मैं अपनी ताकत से सारे मेवाड़ को अपनी ओर कर लूँगा। सभी मेरी प्रशंसा के गीत



Not to be republished ©KTBS

गाएँगे। तुम नहीं जानती पन्ना, जिसके हाथ में हुकूमत है, उसके सामने सभी सर झुकाते हैं। तुम औरत हो, राजनीति की बातें क्या जानो ?

पन्ना - बनवीर, औरत राजनीति की बातें भले ही न जानती हो, लेकिन वह इस विश्वासघात को कभी सहन नहीं कर सकती है।

बनवीर - हूँ ! सहन नहीं कर सकती है तो करेगी क्या ? रोती रहेगी। औरत इससे ज्यादा और क्या कर सकती है ? बेचारी वह आँसू बहाना मात्र जानती है।

पन्ना - याद रखो बनवीर, औरत के आँसू के समुंदर में सारा संसार ही डूब जाता है। सीता के आँसू बहाने से लंका का नाश हो गया। द्रौपदी के आँसू गिराने से सारे कौरव कुल का विनाश हो गया। और ........ और .........

बनवीर - अरे, उन पुराणों की औरतों की बात क्या कहती हो ! वे तो रोना जानती थीं। और क्या कर सकीं। तुम भी अपने को सीता और द्रौपदी के समान मानती हो ?

पन्ना - मैं यह नहीं कहती कि मैं बड़ी पतिव्रता हूँ। लेकिन मैं यह कहती हूँ कि औरत को दुखाना ठीक नहीं।

बनवीर - तुम्हारे उपदेशों से मैं तंग आ गया। मुझे उपदेश देने की हिम्मत करती हो ? चल, हट। डाइन कहीं की।

पन्ना - बनवीर, मुझे कुछ भी कहो, लेकिन उदय को बचाओ। राणा संग्राम सिंह ने तुम्हारे प्रति कितने उपकार किए ? अपने स्वामी को एक बार याद करो।

©KTBS Not to be republished

बनवीर - उपकार किए हैं। उपकार ! वे तो हमको अपना सेवक बनाए हुए थे। आज मैं स्वामी बन गया हूँ। यह सब अपनी ताकत के बल पर हुआ। (यह कहकर वह आगे बढ़ता है। पन्ना उसे रोकने की कोशिश करती है। उसे ढकेलकर बनवीर आगे बढ़ता है। पालने में उदय की पोषाक में सोनेवाले पन्ना के बेटे को उदय ही समझकर उस पर तलवार चलाता है। उस बच्चे के दो टुकड़े हो जाते हैं।

बनवीर - (अट्टहास करते हुए) रास्ते का काँटा दूर हो गया। पन्ना, तुम अब अपने भाग्य पर रोओ। अब मैं चला। (तेजी से चला जाता है।)

पन्ना - (दौड़कर पालने के समीप पहुँच जाती है। बच्चे का मुँह चूमते हुए) बेटा, तुमने अपनी जान देकर अपने स्वामी को बचाया। (रो पड़ती है, फिर सँभलकर) तुम इस नीले आकाश में तारे की भाँति चमकते हमेशा याद किए जाओगे। मेरा प्रभु बच गया। मेरा स्वामी बड़ा होकर उस दुष्ट को दंड देगा। मेरा स्वामी ! (चिल्लाती रहती है।)

(पर्दा गिरता है।)

**लेखक परिचय :**

**बालशौरि रेड्डी** जी का जन्म आंध्रप्रदेश के गोल्लन गूडूर, कडपा (जि) में सन् 1928 को हुआ। 'सादा जीवन और उच्च विचार' की साकारमूर्ति

© KTBS Not to be republished

बालशौरि रेड्डी बहुमुखी प्रतिभा के साहित्यकार हैं। हिंदीतर भाषा भाषी होने पर भी हिंदी साहित्य को उनका योगदान अपार है। वे सुप्रसिद्ध कहानीकार, उपन्यासकार, पत्रकार, आलोचक, अनुवादक और निबंधकार हैं। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर अनेक शोध-ग्रंथ प्रस्तुत किये गए हैं। वे अनेक पुरस्कार, सम्मान और उपाधियों से सुशोभित हैं। हिंदी 'चंदमामा' मासिक पत्रिका के संपादक के रूप में वे बहुधा जाने जाते हैं।

उनके प्रमुख उपन्यास हैं - शबरी, ज़िन्दगी की राह, यह बस्ती : ये लोग, भग्नसीमाएँ, बैरिस्टर, स्वप्न और सत्य, प्रकाश और परछाई, धरती मेरी माँ, प्रोफेसर, धरती का पुत्र, दावानल, लकुमा।

**शब्दार्थ :** चैन - आराम, सुख ; पौधा - छोटा पेड़, नमकहरामी - कृतघ्नता, अबोध - नादान, हौसला - हिम्मत, धैर्य; स्वामी-द्रोह - मालिक से विश्वासघात, रास्ते का काँटा - रुकावट, हुकूमत - सत्ता, शासन; पालना - बच्चों को सुलाने का झूला।

## अभ्यास

### I. मौखिक प्रश्न :

१) उदय सिंह की रक्षा कौन करता है ?

२) उदय सिंह किसके पुत्र थे ?

३) उदय सिंह को किसमें लिटाया गया ?

४) मेवाड़ का कृतघ्न राजा कौन था ?

५) पन्ना धाय के अनुसार मेवाड़ का पौधा कौन है ?

©KTBS Not to be republished

## II. इन प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

१) पन्ना और बाँदी के बीच के संवाद को लिखिए।

२) राजकुमार को पन्ना ने कहाँ भेजा?

३) बनवीर उदय को क्यों मारना चाहता था?

४) पन्ना ने बनवीर को समझाने का प्रयास कैसे किया?

५) बनवीर ने पन्ना के बेटे का वध क्यों किया?

## III. पन्ना की राज-भक्ति पर पाँच-छः वाक्य लिखिए।

## IV. समानार्थक शब्द लिखिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| शक | - | याद | - |
| नमस्कार | - | नारी | - |
| सर | - | पत्तल | - |

## V. विलोमार्थक शब्द लिखिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| विश्वास | x | कृतघ्न | x |
| जवाब | x | शर्म | x |
| पाप | x | बढ़ाना | x |
| कायर | x | प्रशंसा | x |

## VI. एक शब्द लिखिए :

जो युद्ध भूमि से भाग जाता हो :

जिसके माँ-बाप न हो :

जो किये गये काम पर विश्वास न रखता हो :

©KTBS Not to be republished

**VII. अन्य लिंग शब्दों को पाठ से ढूँढ़कर लिखिए:**

१. राजकुमारी -
२. बेटी -
३. दास -
४. क्षत्राणी -
५. आदमी -
६. स्वामिनी -

**VIII. अन्य वचन रूप लिखिए:**

१. कपडा -
२. पौधा -
३. तारा -
४. चीज़ -
५. नज़र -
६. बात -
७. नारी -
८. नीति -

**विशेष सूचना: 'प्राण' शब्द सार्वकालिक बहुवचन शब्द है।**

**योग्यता विस्तार :**

स्वामी-निष्ठा पर आधारित अन्य ऐतिहासिक एकांकी को पढ़िए।

*****

©KTBS Not to be republished

# रचना

## पारिवारिक पत्र

किसी ऐतिहासिक स्थान की यात्रा पर जाने के लिए पैसे माँगते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए।

दिनांक.............

कल्पना
साईज्ञान पाठशाला
मैसूरु

पूज्य पिताजी,
सादर प्रणाम।

आपका पत्र मिला। आप सबका कुशल समाचार पढ़कर बड़ी खुशी हुई। बहन की पढ़ाई कैसी चल रही है? हमारे विद्यालय से शिक्षक एवं विद्यार्थी शैक्षणिक यात्रा पर हंपी जा रहे हैं। मैं भी उनके साथ जाना चाहती हूँ। इसलिए यदि आप मुझे १००० रुपए भेजेंगे तो मैं इस यात्रा के लिए अपना नाम दे दूँगी।

आशा है, आप मुझे लौटती डाक से पैसे भेजेंगे। माँ को मेरा सादर प्रणाम।

पत्र की प्रतीक्षा में,

आपकी बेटी,
कल्पना

सेवा में,
धनराज
१२२/१, कृषि नगर,
धारवाड

©KTBS Not to be republished

# लोकोक्तियाँ

१) अक्ल बड़ी या भैंस __________

शारीरिक शक्ति से बुद्धि श्रेष्ठ है।

२) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता __________

अकेला आदमी कठिन और बड़ा काम नहीं कर सकता।

३) अधजल गगरी छलकत जाए __________

अधूरा ज्ञान पाकर इतराना।

४) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे __________

दोषी व्यक्ति निर्दोष पर दोष लगाए। अपराध होने पर लज्जित होने के बजाय अकड़ना।

५) ऊँची दुकान फीका पकवान __________

दिखावा ही दिखावा/आडंबर ही आडंबर।

६) एक मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है __________

एक बुरा मनुष्य सारे समाज को कलंकित करता है।

७) एक हाथ से ताली नहीं बजती __________

दोनों पक्षों का दोष होना।

८) गंगा गए गंगादास यमुना गए यमुनादास __________

अवसरवादिता।

९) घर का भेदी लंका ढावे __________

आपसी फूट अत्यधिक हानिकारक होती है।

Not to be republished ©KTBS

१०) चट मँगनी पट ब्याह _________

शीघ्रता से प्रस्तावित कार्य का संपन्न हो जाना।

११) जैसा देश, वैसा भेष _________

जहाँ रहे, वहाँ का रिवाज अपनावे ।

१२) एक अनार सौ बीमार _________

चीज़ थोड़ी हो और उसकी ज़रूरतवाले ज़्यादा हों।

१३) बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद _________

मूर्ख, गुणों का महत्व नहीं समझता।

१४) मुँह में राम बगल में छुरी _________

दिखावटी सज्जनता।

१५) धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का _________

जो कहीं का नहीं / जिसका कहीं आदर नहीं।

*****

Not to be republished ©KTBS